Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 16 | शनिवार, 17 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## छत्रपति संभाजीनगर में बोले मोहन भागवत

# 'युवाओं के ज्ञान और कौशल का उपयोग राष्ट्र के हित में हो'



नई दिल्ली।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि युवाओं को ज्ञान प्राप्त करने के लिए विदेश जाने में संकोच नहीं करना चाहिए, लेकिन यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके ज्ञान और कौशल का उपयोग राष्ट्र के हित में हो। छत्रपति संभाजीनगर के दो दिवसीय दौरे पर आए भगवत ने कहा कि आज के युवा देशभक्त हैं और यह भावना जितनी मजबूत होगी, वे देश के विकास में उतना ही अधिक योगदान दे सकेंगे। उन्होंने एक युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान प्राप्त करने के लिए विदेश जाना गलत नहीं है, लेकिन उस ज्ञान का उपयोग भारत के हित में होना चाहिए। देश की प्रगति और भविष्य के निर्माण में युवाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि कई लोग पिछले 100 वर्षों से आरएसएस के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि ज्ञान और कौशल का उपयोग राष्ट्र के हित में हो।

**युवाओं की देशभक्ति देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी**

भागवत ने कहा कि संघ न तो किसी के साथ प्रतिस्पर्धा में है और न ही किसी का विरोध करता है, और इसका एकमात्र उद्देश्य एक मजबूत और सामंजस्यपूर्ण समाज का निर्माण करना है।

## 138 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन

# विराट रामायण मंदिर से शुरू होगी सीएम नीतीश के दूसरे दिन की समृद्धि यात्रा



मोतिहारी।

समृद्धि यात्रा के दूसरे दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को पूर्वी चंपारण में रहेंगे। इस दौरान वो सबसे पहले कल्याणपुर प्रखंड के कैथवलिया स्थित जानकी नगर में बन रहे विराट रामायण मंदिर पहुंचेंगे। यहीं से उनकी यात्रा प्रारंभ होगी। यहां बन रहे विराट रामायण मंदिर में सहस्त्रलिंगम को आधार पीठ पर स्थापित करने के लिए होनेवाली पूजा के अवसर पर सीएम मौजूद रहेंगे। सीएम पटना से सीधे कैथवलिया स्थित विराट रामायण मंदिर पहुंचेंगे। इसके बाद हेलीकाप्टर से मोतिहारी स्थित पुलिस लाइन पहुंचेंगे। शहर के गांधी मैदान में सीएम आम लोगों को संबोधित करेंगे। जिले के विकास के लिए 138 करोड़ के विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन व 34 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। गांधी मैदान में ही सीएम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसी क्रम में मुख्यमंत्री धनौती नदी पर बन रहे कोटवा को जोड़ने वाले पुल का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा वे महिला आईटीआई जाएंगे। प्रशासनिक स्तर पर दी गई जानकारी में बताया गया कि कृषि उत्पाद बाजार समिति के जीर्णोद्धार कार्य के बाद नवनिर्मित भवन का भी सीएम लोकार्पण करेंगे। स्थल का भ्रमण करेंगे। इसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों पूरी कर ली गई है। कल्याणपुर से लेकर जिला मुख्यालय तक सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल व पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात समेत वरीय अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार मानीटरिंग कर रहे हैं।

# राहुल गांधी आज इंदौर में दूषित पेयजल पीड़ित परिवारों से करेंगे मुलाकात

इंदौर।



दूषित पेयजल से 24 लोगों की मौत और 3300 से अधिक लोगों के बीमार होने के मामले में प्रभावित परिवारों का हाल जानने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचेंगे। वह अस्पताल में भर्ती बीमार लोगों का हाल जानने के साथ ही प्रभावित भागीरथपुरा क्षेत्र में मरने वाले लोगों के घर जाकर उनके स्वजन से मुलाकात करेंगे। पीड़ित परिवारों से मिलवाने के लिए कांग्रेस ने प्रशासन को चार घरों की सूची दी, लेकिन शुक्रवार शाम तक असमंजस बना रहा कि वे सभी घरों तक पहुंच पाएंगे या नहीं। दरअसल, भागीरथपुरा की संकरी गलियों को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं।

# पीएम मोदी आज से बंगाल-असम दौरे पर

नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज (17 जनवरी 2026) पश्चिम बंगाल के मालदा में भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन हावड़ा (कोलकाता) और गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलेगी, जो पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत के बीच रेल यात्रा को आधुनिक, आरामदायक और तेज बनाएगी। पश्चिम बंगाल और असम में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होंगे। पीएम मोदी ने मालदा में एक सार्वजनिक समारोह में 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की रेल और सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। 17 जनवरी को शाम करीब 6 बजे पीएम मोदी गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में पारंपरिक बोडो सांस्कृतिक कार्यक्रम ₹बागुरुम्बा ड्वोउ 2026₹ में भाग लेंगे। बयान में कहा गया है कि यह बोडो समुदाय की समृद्ध विरासत का जश्न मनाने वाला एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर, बोडो समुदाय के 10,000 से अधिक कलाकार एक साथ मिलकर बागुरुम्बा नृत्य प्रस्तुत करेंगे। राज्य के 23 जिलों के 81 विधानसभा क्षेत्रों के कलाकार इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। बागुरुम्बा बोडो समुदाय के लोक नृत्यों में से एक है, जो प्रकृति से गहराई से प्रेरित है। यह नृत्य खिलते हुए फूलों का प्रतीक है और मानव जीवन तथा प्राकृतिक जगत के बीच सामंजस्य को दशार्ता है। 18 जनवरी को सुबह करीब 11 बजे, श्री मोदी 6,950 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना के लिए भूमि पूजन करेंगे और नागांव जिले के कालियाबोर में दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों - गुवाहाटी (कामाख्या) -रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस और डिब्रूगढ़-लखनऊ (गोमती नगर) अमृत भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाएंगे। ये नई ट्रेन सेवाएं पूर्वोत्तर और उत्तरी भारत के बीच रेल संपर्क को मजबूत करेंगी, जिससे लोगों के लिए सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक यात्रा संभव हो सकेगी।

# भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी उपयोगकर्ता




नई दिल्ली।

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी उपयोगकर्ता बन गया है और देश में 5जी यूजर्स की संख्या 40 करोड़ से अधिक है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में इस तकनीक को अपनाने में सबसे तेज देशों में से एक है। 5जी उपयोगकर्ता के मामले में चीन पहले स्थान पर है। एक एक्स पोस्ट में सिंधिया ने कहा कि 2022 में लांचिंग के बाद अब 5जी सेवाएं पूरे देश में उपलब्ध हैं। इस समय 85 प्रतिशत जनसंख्या 5जी सेवाओं के कवरेज में है।मार्च 2025 तक दूरसंचार कंपनियों ने 4.69 लाख 5जी बेस ट्रांससीवर स्टेशनों की स्थापना कर दी थी। यह 5जी सेवाओं का सबसे तेज विस्तार है। लांच से अब तक करीब 25 करोड़ मोबाइल यूजर 5जी सेवाएं इस्तेमाल कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दूरदराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में भी सुधार हुआ है और ग्रामीण टेलीफोन कनेक्शन में 42.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मार्च 2014 में ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीफोन कनेक्शन की संख्या 37.77 करोड़ थी, जो सितंबर 2025 में 53.98 करोड़ हो गई है।

**दूरदराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में भी हुआ सुधार**

## रक्षा क्षेत्र में बड़ी छलांग

# 114 राफेल खरीद को डीपीबी की हरी झंडी



नई दिल्ली।

देश की वायु रक्षा क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा खरीद बोर्ड (डीपीबी) ने फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रक्षा सूत्रों के अनुसार अब यह प्रस्ताव रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) के समक्ष रखा जाएगा, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति से अंतिम स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। भारतीय वायु सेना ने पिछले वर्ष रक्षा मंत्रालय को 114 राफेल विमानों की आवश्यकता संबंधी औपचारिक प्रस्ताव सौंपा था। सूत्रों का कहना है कि भारत और फ्रांस के बीच इस सौदे पर अगले महीने तक अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। यह सौदा अंतर-सरकारी समझौते (जी-टू-जी) के तहत होगा, जिससे बिना किसी बिचौलिए के सीधी खरीद और पारदर्शी डिलीवरी सुनिश्चित होगी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अप्रैल में भारत ने नौसेना के लिए 63 हजार करोड़ रुपये की लागत से 26 राफेल-मरीन लड़ाकू विमानों की खरीद का समझौता किया था। इसमें 22 च्सगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान शामिल हैं, जिनकी आपूर्ति 2031 तक पूरी होने की संभावना है। आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए भारतीय सेना ने 'इनोवेशन फार डिफेंस एक्सीलेंस' (आइडेक्स) के तहत एक महत्वपूर्ण खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सेना ने बीते मंगलवार को स्वदेशी एम्प्रेसा प्रा. लि. के साथ अग्निशमन रोबोट की खरीद का करार किया। यह करार भारतीय सेना के कैपेबिलिटी डेवलपमेंट निदेशालय में संपन्न हुआ।

# सरकार ने 242 अवैध सट्टेबाजी और जुआ वेबसाइटों के लिंक ब्लॉक किए

नई दिल्ली।



सरकार ने शुक्रवार को 242 अवैध सट्टेबाजी और जुआ वेबसाइटों के लिंक ब्लॉक कर दिए। यह आदेश पिछले साल अगस्त में पैसे के इस्तेमाल वाले गेमिंग एप पर लगाए गए सरकारी प्रतिबंध के बाद आया है। ऑनलाइन जुआ अधिनियम पारित होने के बाद से अब तक 7,800 से अधिक अवैध सट्टेबाजी और जुआ वेबसाइटों को बंद किया जा चुका है और प्रवर्तन कार्रवाइयों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सूत्रों ने कहा कि यह कार्रवाई यूजर्स, विशेष रूप से युवाओं की सुरक्षा और अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्मों से होने वाले वित्तीय और सामाजिक नुकसान को रोकने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। ऑनलाइन गेमिंग के गंभीर समस्या बनकर उभरी है।

# उत्तर भारत में 'कोल्ड वेव' का अलर्ट: दिल्ली से यूपी तक पारा गिरा

नई दिल्ली।

उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड का दौर शुक्रवार को जारी रहा। कश्मीर के अलावा कई जगहों पर रात का तापमान शून्य से नीचे रहा। पंजाब के एसबीएस नगर (नवांशहर) जिले का बल्लोवाल सबसे ठंडा रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 0.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस कम था। इस सीजन में न्यूनतम तापमान में पहली इतनी गिरावट दर्ज की गई। राज्य के सात जिलों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान 2.7, बठिंडा में तीन और अमृतसर में 3.2 डिग्री सेल्सियस रहा। हरियाणा का भिवानी 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के अनुसार, हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री, गुरुग्राम में 4.9 डिग्री जबकि फरीदाबाद में 4.9 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा, दोनों राज्यों के कई स्थानों पर सुबह के समय कोहरे के कारण ध्श्यता कम हो गई। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी से कोई राहत नहीं मिली। अलवर, नागौर, फतेहपुर और करौली सहित चार स्थानों पर न्यूनतम तापमान लगभग तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



## संपादक की कलम से

# हिंदू मानस की राजनीति

देश के शहर-शहर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए। उनसे पहले हिंदुओं की प्रभात फेरियां गलियों से गुजरी। आजादी के लंबे 74 सालों के बाद सोमनाथ का संघर्ष, गर्व, गौरव और सनातन का स्वाभिमान भी याद आ गया। सोमनाथ मंदिर ही नहीं, आराध्य महादेव का प्रथम ज्योतिर्लिंग भी है। वहां किसी आयोजन पर किसी को भी आपत्ति नहीं है। बीते 11 साल से अधिक समय से मोदी देश के पीएम हैं। अभी याद क्यों आया कि सोमनाथ का भी कोई



ललित शर्मा
संपादक

स्वाभिमान है। उसके विध्वंस और पुनर्निर्माण का इतिहास 1000 साल पुराना है। देश के प्रथम पीएम की सोच और धर्मनिरपेक्ष राजनीति क्या थी, आज वह बिल्कुल बेमानी और अप्रासंगिक है। फिर पीएम मोदी ने सोमनाथ की आड़ में हिंदुओं की एकजुटता और तुष्टिकरण का मुद्दा उछाल कर हिंदुओं को एक होने का आह्वान क्यों किया। पीएम चुनावों में भी यह मुद्दा उठाते रहे हैं। बीजेपी को फायदा भी मिलता है। क्या मान लिया जाए कि पीएम ने सोमनाथ के बहाने देश का मानस बदलने की राजनीति की है। उनका लक्ष्य है कि 2047 को विकसित हिंदू राष्ट्र घोषित किया जा सके। संविधान और दस्तावेज में बदलाव बाद में भी किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ही नहीं, सरसंघचालक मोहन भागवत ने भी हिंदू एकजुटता का आह्वान किया है। उन्होंने यह भी विश्वास जताया है कि यदि हिंदू एक हो गए, तो आगामी 20-30 सालों में भारत को विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर ह्यबंटेंगे तो कटेंगे का नारा उछाला और हिंदू एकजुटता की बात कही। गली-गली, शहर-शहर जो सम्मेलन किए गए हैं, उनमें भी हिंदू एक की हुंकार गूंजती रही। हम स्पष्ट कर दें कि हमारा हिंदुत्व से कोई विरोध नहीं है। बेशक भारत में करीब 80 फीसदी हिंदू आबादी है, लेकिन यह हिंदू राष्ट्र नहीं है। भारत में मुसलमान, सिख, ईसाई, पारसी, यहूदी, जैन, बौद्ध सरीखे अन्य समुदाय भी हैं। बेशक इनमें से कुछ समुदाय मानसिक तौर पर खुद को हिंदू मानते और घोषित करते हैं, लेकिन वे हिंदू नहीं हैं। विविधता ही भारत की खूबसूरती है। संघ परिवार को संविधान की नहीं, मानस की चिंता है। यदि सत्ता और संसद में भाजपा की शक्ति बरकरार रही, तो संविधान में कभी भी संशोधन किया जा सकता है, लेकिन हमें यह आसान नहीं लगता। देश के एक और विभाजन का खतरा या संभावनाएं भी मौजूद नहीं हैं, लेकिन देश में आज भी गंभीर समस्याएं हैं जो चिंतित करती हैं। बेशक हम विश्व में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन प्रति व्यक्ति आय के संदर्भ में भारत 216 देशों की सूची में 140 वें स्थान पर है। हमारी प्रति व्यक्ति आय 2.65 लाख रुपए ही है। जिस जापान को हमने पछाड़ा है, उसकी यह आय करीब 30 लाख रुपए है। देश पर 225 लाख रुपए का कर्ज है। बेरोजगारी की दर करीब 7 फीसदी है। जिस इंटर्नशिप योजना की घोषणा बजट में गाजे बाजे के साथ की गई थी, उसका भद्दा सच यह है कि सिर्फ 95 युवाओं को ही ऑफर लेटर दिए गए हैं। 6618 युवाओं ने बीच में ही इंटर्नशिप छोड़ दी। यदि सामाजिक स्तर पर देखें, तो देश में 70 फीसदी से ज्यादा लोग विषाक्त पानी पीने को विवश हैं। ऐसी कई समस्याएं हैं, जो हिंदू-मुसलमान करने से हल नहीं होंगी। बेशक राष्ट्र और धर्म अपनी-अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, लेकिन एक राजनीतिक और वैचारिक अभियान के लिए कमोबेश देश की एकता, अखंडता, धर्मनिरपेक्षता की बलि नहीं दी जा सकती। देश में कई खामियां हैं, जिन्हें अर्थव्यवस्था की आड़ में छुपाया नहीं जा सकता। यकीनन अर्थव्यवस्था का विस्तार हमारी अभूतपूर्व सफलता और उपलब्धि है, लेकिन आज भी हम शिक्षा और स्वास्थ्य पर बजट का उतना हिस्सा खर्च नहीं कर पाते, जितना अपेक्षित है। लिहाजा स्कूल और अस्पतालों में जर्जर हालात हैं।

## कविता

### शाश्वत प्रेम

डॉ.राजीव डोगरा



तुम वो फूल हो
जिसको मैं बिना स्पर्श के
खिलता हुआ
और महकता हुआ
देखना चाहता हूं।

तुम मेरी वो
अधूरी ख्वाहिश हो
जिसके पूरे होने का
इंतजार मैंने कई
युगों तक किया है।

तुम मेरे जीवन का
वो अंतिम अध्याय हो
जिसके पूरा होने पर
शाश्वत आनंद
मुझे स्पर्श कर जाएगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# यूरोपीय नेताओं को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि बना कर मोदी ने पूरे यूरोप को साध लिया

हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की एंतोनियो लुईस सैंटोस दा कोस्टा और उर्सुला वॉन डर लेयेन के साथ पिछले साल हुई संयुक्त दूरभाष वार्ता ने भी स्पष्ट कर दिया था कि बातचीत केवल शिष्टाचार तक सीमित नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो लुईस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डर लेयेन भारत आ रहे हैं और वह 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। कोस्टा और लेयेन 16वें भारत यूरोपीय यूनियन शिखर सम्मेलन की सह अध्यक्षता भी करेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में जानकारी दी गयी है कि यात्रा के दौरान कोस्टा और लेयेन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे तथा प्रधानमंत्री मोदी के साथ सीमित और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। देखा जाये तो भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में यूरोपीय यूनियन की शीर्ष उपस्थिति बदलती वैश्विक राजनीति का साफ संकेत है। यह दृश्य यह भी बताता है कि भारत और यूरोप का रिश्ता अब रणनीतिक धरातल पर पहुंच चुका है। हम आपको बता दें कि भारत और यूरोपीय यूनियन 2004 से रणनीतिक साझेदार हैं लेकिन पिछले दो वर्षों में इस रिश्ते ने असाधारण गति पकड़ी है। फरवरी 2025 में यूरोपीय आयोग के पूरे प्रतिनिधिमंडल का भारत आना इस बात का प्रमाण था कि ब्रसेल्स अब नई दिल्ली को केवल एक उभरता बाजार नहीं बल्कि एक अनिवार्य शक्ति मान रहा है। अब गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि बनकर आना उसी निरंतरता की अगली कड़ी है।

हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की एंतोनियो लुईस सैंटोस दा कोस्टा और उर्सुला वॉन डर लेयेन के साथ पिछले साल हुई संयुक्त दूरभाष वार्ता ने भी स्पष्ट कर दिया था कि बातचीत केवल शिष्टाचार तक सीमित नहीं



है। व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, नवाचार, रक्षा-सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन जैसे मुद्दों पर ठोस प्रगति हुई है। सबसे अहम यह कि भारत व यूरोपीय यूनियन मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई गई है। वाणिज्य सचिव के अनुसार चौबीस में से बीस अध्याय पूरे हो चुके हैं और शेष पर रोजाना स्तर पर संवाद चल रहा है। देखा जाये तो यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक व्यापार व्यवस्था उथल पुथल के दौर से गुजर रही है। अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियां और चीन की आपूर्ति श्रृंखला पर पकड़ ने यूरोप को वैकल्पिक साझेदार खोजने पर मजबूर किया है। इसी क्रम में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने भारत यात्रा के दौरान संकेत दिया था कि जनवरी के अंत तक मुक्त व्यापार समझौता संभव है। उनका यह कहना कि दुनिया दुर्भाग्यपूर्ण संरक्षणवाद के पुनरुत्थान से गुजर रही है दरअसल भारत यूरोप निकटता की वैचारिक जमीन को रेखांकित करता है। हम आपको बता दें कि यूरोपीय यूनियन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और 2024 में द्विपक्षीय व्यापार 120 अरब यूरो तक पहुंच चुका है। बताया जा रहा है कि प्रस्तावित समझौता केवल शुल्क कटौती तक सीमित नहीं होगा बल्कि खनिज, स्वास्थ्य, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में नई साझेदारी की राह भी खोलेगा। साथ ही भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा जैसी परियोजनाएं भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के केंद्र में स्थापित करेंगी। हम आपको बता दें कि यूक्रेन संघर्ष पर भी भारत और यूरोप के बीच संवाद खुलकर हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने शांति और स्थिरता पर भारत की निरंतर नीति दोहराई है। यूरोपीय पक्ष यह भी मानता है कि भारत की भूमिका संतुलनकारी है और वह संवाद का सेतु बन सकता है। देखा जाये तो भारत और यूरोपीय यूनियन का यह उभार कोई संयोग नहीं बल्कि सुविचारित रणनीति का परिणाम है। यह साफ दिखता है कि मोदी की विदेश नीति न तो भावुक आदर्शवाद में फंसी है और न ही पुराने गुटों की कैद में है। यह नीति हित आधारित यथार्थवाद और मूल्यों की संतुलित भाषा बोलती है। यही कारण है कि भारत एक ओर रूस से संवाद बनाए रखता है तो दूसरी ओर यूरोप और अमेरिका के साथ भी भरोसेमंद साझेदार बना रहता है। वहीं यूरोप के लिए भारत अब चीन का विकल्प ही नहीं बल्कि उससे बेहतर साझेदार बनकर उभर रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था, युवा आबादी, तकनीकी क्षमता और विशाल बाजार भारत को स्वाभाविक आकर्षण देते हैं। साथ ही भारत के लिए यूरोप उच्च तकनीक, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा सहयोग और वैश्विक नियम आधारित व्यवस्था में समर्थन का स्रोत है। यह साझेदारी वैश्विक शक्ति संतुलन को बहुध्रुवीय दिशा में धकेलती है। रणनीतिक स्तर पर इसका सबसे बड़ा प्रभाव एशिया प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र में दिखेगा। भारत और यूरोप का सहयोग समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा को मजबूत करेगा। इससे चीन की एकाधिकारवादी प्रवृत्तियों पर स्वाभाविक अंकुश लगेगा वह भी बिना किसी आक्रामक सैन्य टकराव के। देखा जाये तो मोदी की कूटनीति की विशेषता यह है कि वह भारत को सहभागी के रूप में प्रस्तुत करती है। मुक्त व्यापार समझौते में भी भारत ने अपने श्रम आधारित उद्योगों और उभरते क्षेत्रों के हितों को मजबूती से रखा है। बीस अध्यायों का पूरा होना बताता है कि भारत अब नियम स्वीकार करने वाला नहीं बल्कि नियम गढ़ने वाला देश बन रहा है। बहरहाल, आज जब दुनिया अस्थिरता और अविश्वास से जूझ रही है तब भारत और यूरोपीय यूनियन का यह मेल एक वैकल्पिक मार्ग दिखाता है। यह मार्ग टकराव का नहीं सहयोग का है, प्रभुत्व का नहीं साझेदारी का है। गणतंत्र दिवस समारोह के मंच से दुनिया को यह संदेश जाएगा कि भारत अब वैश्विक एजेंडा तय करने वाली शक्ति है। यही मोदी की विदेश नीति की असली सफलता है और यही आने वाले दशक की भूराजनीति का संकेत भी है।

# मेकअप में चाहिए नयापन? ये 3 लिपस्टिक शेड्स हर भारतीय स्किन टोन पर देंगे परफेक्ट लुक

मेकअप प्रेमियों के लिए, यह लेख हर स्किन टोन पर खिलने वाले तीन लेटेस्ट लिपस्टिक शेड्स का विश्लेषण प्रस्तुत करता है, जो आपके लुक को निखारेंगे। ब्राउन, चेरी रेड और मॉव कलर लिपस्टिक के फायदे बताते हुए, यह बताता है कि कैसे सही शेड का चुनाव मेकअप को आकर्षक बना सकता है।

अगर आपको मेकअप करना बेहद पसंद है और आप हमेशा से मेकअप के नए-नए प्रोडक्ट ट्राई करते रहते हैं तो ये लेख आप के लिए है। आमतौर पर महिलाओं को मेकअप करना खूब पसंद होता है, ऐसे में वे अक्सर मेकअप प्रोडक्ट खरीदती रहती हैं। महिलाओं की रोजमर्रा लाइफ में लिपस्टिक की खास अहमियत है। लिपस्टिक के बिना मेकअप अधूरा है, लिपस्टिक ही मेकअप की जान है। अगर आप अपने स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक का चयन करना चाहिए।



अक्सर होता है कि हम गलत कलर का चूज कर लेते हैं। इस बार आप ऐसे सही शेड्स का चूज करेंगे, तो आपका मेकअप भी खूबसूरत नजर आएगा। इस लेख में हम आपको बताएंगे ऐसे लिपस्टिक शेड्स के बारे में, जो हर स्किन टोन पर लगा सकते हैं।

**ब्राउन शेड लिपस्टिक करें अप्लाई**

ब्राउन लिपस्टिक शेड्स हमेशा ट्रेड में रहता है और यह हर स्किन टोन पर सूट भी करता है। यह आपके लुक को काफी निखारता है। यदि आपके लिप्स ज्यादा ही ड्राई रहते हैं, तो ऐसे में आप ग्लॉसी लिपस्टिक को ट्राई करें। आप चाहे तो मैट लिपस्टिक भी अप्लाई कर सकते हैं।

**चेरी रेड लिपस्टिक करें अप्लाई**

अगर आप अपने मेकअप लुक को बोल्ड टच देना चाहते हैं, तो ऐसे में आप डार्क कलर लिपस्टिक लगाने की सोचते होंगे। इसकी जगह आप चेरी रेड लिपस्टिक को ट्राई कर सकते हैं। चेरी रेड कलर की लिपस्टिक हर स्किन टोन पर अच्छी लगती है। इसके साथ ही इससे लुक भी सुंदर नजर आता है। इस तरह की लिपस्टिक को आप चाहें तो ग्लॉसी या मैट दोनों में ले सकते हैं।


**मॉव कलर लिपस्टिक करें अप्लाई**

यदि आपको न्यूड शेड ज्यादा पसंद है, तो आप ऐसे में मॉव कलर लिपस्टिक को अप्लाई कर सकते हैं, इससे आपका लुक भी अट्रैक्टिव दिखेगा। इससे आपका लुक बेहद शानदार दिखाई देगा। इस तरह के मॉव कलर वाली लिपस्टिक आपको मैट और ग्लॉसी दोनों मिल जाएगी, यह आपके मेकअप लुक को भी काफी अट्रैक्टिव बनाएगा।

# जेब पर भारी नहीं पड़ेगा महाबलेश्वर-लोनावला का टूर

आप भी कुछ दिनों की भागदौड़ से ब्रेक लेकर महाबलेश्वर और लोनावाला हिल स्टेशन को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप यहां पर शांति और सुकून के पल बिता सकते हैं। अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों ही एक ट्रिप में एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो आज हम आपको इस ट्रिप के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

महाराष्ट्र के दो बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन लोनावला और महाबलेश्वर हैं। यह दोनों हिल स्टेशन हर मौसम में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। गर्मी हो या मानसून आप किसी भी मौसम में लोनावला और महाबलेश्वर घूमने जा सकते हैं। यह दोनों ही हिल स्टेशन प्रकृति की गोद में समाए हैं। यहां पहुंचकर आप सुकून महसूस कर सकते हैं। यह दोनों ही जगहें बजट फ्रेंडली ट्रिप के लिए बेहतरीन है। अगर आप भी प्रकृति के बीच शांति और थोड़ा सा एडवेंचर करना चाहते हैं, तो आपको महाबलेश्वर और लोनावला ट्रिप एकदम परफेक्ट है। ऐसे में आप भी कुछ दिनों की भागदौड़ से ब्रेक लेकर इन दोनों हिल स्टेशन को एक्सप्लोर कर सकते हैं। साथ ही आप यहां पर शांति और सुकून के पल बिता सकते हैं। अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों ही एक ट्रिप में एक्सप्लोर करना चाहते



हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस ट्रिप के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

**ट्रिप प्लान**

अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो बता दें कि दोनों जगहों की सैर के लिए चार से पांच दिन की ट्रिप काफी है।

**ऐसे पहुंचें**

इन हिल स्टेशनों तक जाने के लिए आप मुंबई या पुणे से यात्रा शुरूकर सकते हैं। मुंबई या पुणे से लोनावला सिर्फ 2 घंटे की दूरी पर है। बस, ट्रेन और कार आप तीनों से ही यहां आसानी से पहुंच सकते हैं। वहीं अगर आप पुणे से महाबलेश्वर की यात्रा कर रहे हैं, तो आप बस या फिर प्राइवेट टैक्सी के करिए 120 किमी का सफर तय कर सकते हैं। वहीं मुंबई से महाबलेश्वर की दूरी करीब 260 किमी है।

**लोनावला में घूमने की जगहें**

मानसून में लोनावला की गए हैं तो आपको भूशी डैम जरूर जाना चाहिए। वहीं बेहतरीन सनसेट व्यू पॉइंट देखने के लिए टाइगर पॉइंट जा सकते हैं। अगर आप भी ट्रैकिंग लवर्स हैं, तो राजमाची फोर्ट बेहतरीन जगह है। वहीं आप लोनावला की ऐतिहासिक बौद्ध गुफाएं कार्ला और भाजा केव्स स्थित है। इसके साथ ही आप पावना झील और लोहेगढ़ किला देखने जा सकते हैं।

**महाबलेश्वर पर्यटन स्थल**

महाबलेश्वर की शानदार वादियों का नजारा देखने के लिए आप अरथर सीट पॉइंट को एक्सप्लोर करें। नौकाविहार और खूबसूरत फोटोशूट के लिए वीना लेक जाएं। इसके अलावा महाबलेश्वर मंदिर और एलिफेंट हेड पॉइंट जा सकते हैं। वहीं फिल्मों में दिखने वाले खूबसूरत नजारों का सामने से लुत्फ उठाने के लिए पंचगनीकी टेबललैंड जरूर जाएं।

**ट्रिप का खर्च**

बता दें कि लोनावला में एक हजार से दो हजार रुपए में प्रति रात के लिए अच्छा होम स्टे या होटल मिल जाएगा। वहीं महाबलेश्वर में लॉज, होटल या रिसॉर्ट्स में स्टे के लिए डेढ़ से ढाई हजार रुपए के करीब खर्चा आ सकता है। कम पैसों में स्टे के लिए आप ऑफ-सीजन में ऑनलाइन बुकिंग से भी सस्ते दामों में रुकने का मौका मिल सकता है। इन जगहों पर आने के लिए स्थानीय परिवहन पर करीब 2000-3000 रुपए का खर्च आ सकता है। वहीं इस दौरान 3-4 दिन रुकने के लिए आपको करीब 5000 रुपए तक खर्च करने पड़ सकते हैं। वहीं पर्यटन स्थलों के टिकट्स और खानपान पर करीब 2000 रुपए का खर्च आ सकता है। इस ट्रिप के लिए प्रति व्यक्ति कुल अनुमानित खर्च 6000-8000 रुपए हो सकता है।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान दिव्यांगजन को प्रदान की ट्राईसाईकिल

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने तहसील मिलक के ग्राम जटपुरा निवासी दिव्यांग रामदयाल को ट्राईसाईकिल प्रदान की। ट्राईसाईकिल प्राप्त कर दिव्यांगजन के चेहरे पर संतोष एवं प्रसन्नता दिखाई दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना शासन एवं जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सहायक उपकरणों की उपलब्धता से दिव्यांगजनों को न केवल आवागमन में सुविधा मिलती है, बल्कि उनके आत्मविश्वास एवं स्वाभिमान में भी वृद्धि होती है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों से जुड़े प्रकरणों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित न रखा जाए। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्रत्येक प्रकरण पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन रामपुर में शुक्रवार परेड का निरीक्षण किया गया



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद महिला प्रशिक्षुओ एवं कर्मचारीगणों का टर्नआउट आदि चैक कर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम (लाइब्रेरी), कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी आदि की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चैक कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाईन / टाण्डा व क्षेत्राधिकारी बिलासपुर भी उपस्थित रहें ।

# भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर**/ शाहबाद ! रामपुर तहसील शाहबाद में भारतीय किसान संघ की बैठक हुई! बैठक किसान की समस्याओं के लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई ! किसानों की समस्याओं में राशन कार्ड को लेकर बताया की बिना भ्रष्टाचार किया बिना राशन कार्ड बनाया जाए और खुले में घूम रहे पशुओं से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं ! आवारा पशुओं से फसलों को बर्बाद होने से बचाया जाए, भारतीय किसान संघ का पदाधिकारीयों का कहना हैं कि जिले के निजी स्कूलों में एनसीईआरटी कोर्स लागू हो ! इन समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा ! भारतीय किसान संघ का कहना है कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किया जाये ! जल्द समस्याओ का समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान संघ आंदोलन करने पर मजबूर होंगा !इस मोके पर भारतीय किसान संघ के शाहबाद खंड अध्यक्ष एडवोकेट अतुल गुप्ता ब्लॉक मंत्री गजेंद्र ठाकुर, राकेश कश्यप, ,कमल अनमोल घनश्याम, बेदप्रकाश, महेश कश्यप, सोहनलाल, रमेश, कल्लू, भोजराज आदि लोग उपस्थित रहे !

# पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर** नगीना। पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया24.दिसंबर 2025 को दी तहरीर में अंकित मोबाइल नम्बर का धारक अज्ञात अभियुक्त वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया तहरीर के आधार पर पुलिस ने 273/25 धारा 87 इठर पंजीकृत कियादिनांक 05.01.2026 को थाना नगीना पुलिस द्वारा अपहृता की बरामदगी की गई तथा अभियोग में साक्ष्य के आधार पर धारा 87 इठर का लोप कर धारा 137(2), 64 (1) इठर व पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग में अभियुक्त गौरव पुत्र स्व० सत्यवान निवासी ग्राम खेडकी थाना हल्दौर का नाम प्रकाश में आया। अभि० गौरव पुत्र स्व० सत्यवान नि० ग्राम खेडकी थाना हल्दौर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभि० गौरव को माननीय न्यायालय भेजा गया।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू (एकता शक्ति) का प्रतिनिधिमंडल सक्रिय, समाधान न होने पर हापुड़ तहसील घेराव की चेतावनी

**हापुड़।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एडवोकेट अक्षित शर्मा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री के प्रतिनिधि अभिषेक शर्मा एवं गौरव त्यागी (मेरठ मंडल अध्यक्ष) के नेतृत्व में हापुड़ टीम से मिला। इस दौरान क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर विस्तार से वार्ता की गई।बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जमीन पर ठोस कार्यवाही चाहिए। यदि किसानों एवं आम जनता से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) द्वारा शीघ्र ही हापुड़ तहसील का जोरदार घेराव किया जाएगा।

# गुलाब सिंह हिंदू महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

\चांदपुर:: गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चाँदपुर-स्याऊ में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक भव्य रैली और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब की ओर से जनमानस को यातायात के नियमों के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

?कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली रही। इस रैली को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० साधना ने महाविद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में स्लोगन लिखी पट्टियाँ और बैनर लेकर स्थानीय क्षेत्र का भ्रमण किया।

?विद्यार्थियों ने नारों के माध्यम से आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक किया। रैली के समापन के पश्चात महाविद्यालय प्रांगण में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो० अनिल कुमार वर्मा ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करेंगे, बल्कि अपने परिवार और समाज के लोगों को भी सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित करेंगे।यह संपूर्ण कार्यक्रम रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक सनी कुमार के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं केवल लापरवाही का परिणाम होती हैं,

**और थोड़ी सी सावधानी से अनमोल जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि छात्र समाज में परिवर्तन के सबसे प्रभावी दूत हैं। ।?इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण और भारी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।**

# मंडी समिति में खिचड़ी प्रसाद वितरण किया



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर** : गुड मंडी समिति परिसर में मकर संक्रांति के उपलक्ष में खिचड़ी प्रसाद का वितरण हुआ। जिसमें सभी व्यापारी गण ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

जिसमें व्यापारी शैलेंद्र सिंह, विमल अग्रवाल, वीरेंद्र राजपूत, आशु गोयल, सुबोध गुप्ता, अजय मित्तल, विशाल गोयल, कपिल गोयल, लकी गोयल, राहुल अग्रवाल, सुशील गुप्ता, वासु गोयल, विवेक चौधरी, गौरव चौधरी, पवन अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, संदीप कौशिक, योगेश शर्मा, पंकज अग्रवाल, पंकज सिंह, उदित गुप्ता, अरविंद जोशी, प्रदीप ठाकुर, उदराज सिंह, टीटू सिंह, अमरकांत शर्मा, अखिलेश कुमार निखिल अग्रवाल पुरुषोत्तम सिंह आदि सभी का सहयोग रहा।

# आगरा पुलिस की पहल: सुरक्षित सड़क, सुरक्षित भविष्य

**आगरा से संवाददाता मयूर खान**



**जनपद आगरा**:-जिले के थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में नेशनल रोड सेफ्टी वीक-2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा को लेकर एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 11 जनवरी से 17 जनवरी तक चल रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त छत्ता शेषमणि उपाध्याय तथा थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की मौजूदगी में विश्वराज एनवायरनमेंट लिमिटेड के सहयोग से आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने के लिए प्रेरित किया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा सिर्फ एक शब्द नहीं है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी है, हमारी आवश्यकता है, और हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वराज एनवायरनमेंट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने भी सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों को इसके लिए जागरूक किया। इस दौरान थाना ट्रान्स यमुना पुलिस बल सहित विश्वराज एनवायरमेंट लिमिटेड के कर्मचारी एंव क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे, जिन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व को समझा और इसके लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

# बाइक को पुलिस ने बाइक चोर सहित किया बरामद



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर** नगीना चार दिन पूर्व बैंक के सामने से चोरी हुई बाइक को पुलिस ने बाइक चोर सहित बरामद कर ली। पुलिस ने बाइक चोर का चालान कर जेल भेज दिया हैथाना क्षेत्र के ग्राम सुखमपुर निवासी हिमांशु कुमार पुत्र प्रीतम सिंह मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया से बाइक द्वारा पैसे निकालना आया था। हिमांशु कुमार बैंक के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर बैंक के अंदर चला गया उसने बाइक का लॉक नहीं लगाया था जब वह बाहर आया तो वहां से बाइक गायब मिली हिमांशु ने अपने बाइक को इधर-उधर तलाश किया लेकिन बाइक का पता नहीं चलने पर वह थाने पहुंचा और बाइक चोरी की तहरीर थाना प्रभारी अवनीश मान को दी। पुलिस ने अज्ञात में बाइक चोरी की घटना दर्ज कर ली है पुलिस ने बाइक चोरी की घटनाओं पर कुछ लगाने एवं बाइक चोरी का खुलासा करने के लिए कड़ी मेहनत की जिसमें पुलिस को सफलता उसे समय हाथ लगी जब हिमांशु की मोटरसाइकिल को चुरा कर ले जाने वाले आरोपी मौ फैजान पुत्र शमशाद निवासी रहमुल्ला कॉलोनी कोतवाली को बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# बार काउंसिल चुनाव में वकीलों की भारी भीड़, सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद** बिजनौर नजीबाबाद नगर में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव के लिए पहले मतदान 16 जनवरी से शुरू हो गया है। सिविल न्यायालय परिसर में सुबह से ही वकीलों ने मतदान करना शुरू कर दिया, जहां लंबी कतारें देखी गईं। बार काउंसिल चुनाव के लिए मतदान 16 और 17 जनवरी को होगा। मतदान के दौरान मतदान संबंधी आवश्यक जानकारी देते हुए बताया कि अधिवक्ताओं को मतदान के लिए सीओपी नंबर सहित परिचय पत्र या अधिवक्ता पंजीकरण प्रमाण पत्र परिचय पत्र लाना अनिवार्य है।मतदान स्थल पर केवल उन्हीं मतदाताओं को प्रवेश दिया जाएगा जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है। मतदाताओं को मतदान स्थल पर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र ले जाने की अनुमति नहीं है।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर हर्ष वाड़ा बाईपास पर सिविल न्यायालय परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

# 17 व 18 जनवरी को बीएलओ व पदाभिहित अधिकारी व सुपर वाइजर रहेंगे पोलिंग बूथों पर

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर** नगीना अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुपालन में पोलिंग बूथों पर शनिवार व रविवार को विशेष अभियान के तहत बीएलओ व पदाभिहित अधिकारी अर्हता तिथि01जनवरी2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यकम-2026 तहत दावे व आपत्तियां प्राप्त करेंगे एसडीएम विजयशंकर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह के आदेशानुसार शनिवार 17 जनवरी व रविवार 18 जनवरी को क्षेत्र के सभी बी एल ओ व पदाभिहित अधिकारी व सुपर वाइजर अपने अपने क्षेत्र के पोलिंग बूथ पर रहकर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यकम-2026 तहत दावे व आपत्तियां प्राप्त करेंगे। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि दिनांक 06.02.2026 तक है। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में आयोग द्वारा चार विशेष अभियान की तिथियां यथा-17.01.2026 (शनिवार), 18.01.2026 (रविवार), 31.01.2026 (शनिवार) तथा 01.02.2026 (रविवार) निर्धारित की गयी हैं। इस विशेष अभियान की तिथियों में दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में आयोग द्वारा निर्धारित किए गए विशेष अभियान दिवसों में पदाभिहित स्थलों पर आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था तथा पदाभिहित अधिकारी की प्रत्येक दशा में उपस्थिति रहेगी। दिनांक 06जनवरी2026 को प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली के साथ-साथ दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित सभी प्रकार के फार्मों यथा-6 (घोषणा-पत्र सहित), 6ए, 7 एवं 8 (घोषणा-पत्र सहित) इत्यादि की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता रहेगी और साथ ही विशेष अभियान तिथियों में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक हेल्प डेस्क बनायी जायेगी, जो मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता करेंगे। विशेष अभियान के दिन प्राप्त होने वाले सभी दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित फार्मों का अभिलेखीकरण सुव्यवस्थित ढंग से किया जाएगा जिससे समय-समय पर निर्वाचक नामावलियों के पर्यवेक्षक और निरीक्षण अधिकारी को उनकी मांग पर तुरन्त उपलब्ध कराया जा सके। इतना ही नहीं. मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेण्टों को भी उक्त तिथियों के बारे में अवगत कराते हुए उनका सहयोग लिया जाएगा इनके साथ साथ सभासद, ग्राम प्रधान, वॉलेन्टियर को भी अवगत कराते हुए यथासंभव नियमानुकूल सहयोग प्राप्त किया जाएगा। इन विशेष अभियान दिवसों का व्यापक प्रचार-प्रसार शहरी क्षेत्रों में रिक्शों पर लाउडस्पीकर लगाकर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डुगडुगी बजवाकर किया जायेगा। आयोग द्वारा निर्धारित उक्त विशेष अभियान तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए तथा समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों को सूचित किया जाए। विशेष अभियान तिथियों के कार्यक्रम के चुने हुये वीडियो (सेलेक्टिव फुटेज) जिले की वेबसाइट पर अवश्य अपलोड किये जायेंगे ताकि जन सामान्य भी उन्हें देख सकें।इस विशेष अभियान दिवस के सफल व प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारियों/उप जिला निर्वाचन अधिकारियों / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों / सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा विशेष अभियान दिवसों में पदाभिहित स्थलों का भ्रमण किया जाएगा और भ्रमण का कार्यकम इस प्रकार तैयार किया जाएगा, जिससे सभी पदाभिहित स्थल आच्छादित हो जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रतिदिन पुनरीक्षण कार्यकम की समीक्षा भी की जाएगी।

# आधा दर्जन से अधिक ट्यूबवेलों से लाखों की चोरी

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के सलेमपुर रोड पर चोरों ने किसानों की मेहनत पर करारा वार करते हुए आधा दर्जन से अधिक ट्यूबवेलों को निशाना बनाया और लाखों रुपये कीमत के उपकरण चोरी कर ले गए। इस वारदात से क्षेत्र के किसानों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पीड़ित किसानों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी किसान शाहरुख, अजय, यामीन, कलीम, मेहरबान, इस्लाम, शरीफ और साधु के खेत सलेमपुर रोड पर स्थित हैं। गुरुवार की शाम किसान अपने-अपने खेतों पर



कामकाज निपटाकर घर लौट गए थे। इसी का फायदा उठाते हुए रात्रि में अज्ञात चोरों ने खेतों में लगी ट्यूबवेलों पर धावा बोल दिया और मोटर, केबिल, स्टार्टर समेत अन्य कीमती उपकरण चोरी कर लिए।शुक्रवार की सुबह जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो ट्यूबवेलों से उपकरण गायब देख उनके होश उड़ गए। किसानों ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू की। पीड़ित किसानों का कहना है कि ट्यूबवेलों से चोरी किए गए उपकरणों की कीमत लाखों रुपये में है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित किसानों की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है।

## उप जिलाधिकारी इला प्रकाश ने बीएलओ व सुपरवाइजरों को दिया विशेष गहन पुनरीक्षण

हापुड़ शुक्रवार को उप जिलाधिकारी इला प्रकाश द्वारा समस्त बी0एल0ओ0 (बूथ लेवल ऑफिसर) एवं सुपरवाइजरों को विशेष गहन (प्रगाढ़) पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी इला प्रकाश ने विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं उसकी महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाए रखने के लिए बीएलओ व सुपरवाइजरों को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# पार्क अस्पताल ने लगाया मेडिकल कैंप, सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ



वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के पंजाब नेशनल बैंक के निकट शुक्रवार को पार्क अस्पताल पानीपत के तत्वावधान में एक दिवसीय निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप में क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।मेडिकल कैंप का शुभारंभ चेयरमैन प्रत्याशी मौबीन राणा एवं पार्क अस्पताल के डॉक्टरों की टीम द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कैंप में पार्क अस्पताल के सीनियर डॉक्टर मोहम्मद लतीफ, डॉक्टर मिस्टर फाजिल सहित अन्य चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय रोग, हड्डी एवं अन्य सामान्य बीमारियों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। मेडिकल कैंप में महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं ने अपनी जांच कराई।चेयरमैन प्रत्याशी मौबीन राणा ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। क्षेत्र में कई ऐसे लोग हैं जो महंगे इलाज का खर्च नहीं उठा पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन कराया गया है। इस दौरान मेडिकल कैंप में दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## वाहन चेकिंग अभियान, दर्जनों दोपहिया वाहन चालकों के काटे चालान




वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बे के मयूर तिराहे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहनों को रोककर उनकी बारीकी से जांच की।चेकिंग के समय वाहन चालकों से हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा व प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक कागजातों की गहनता से पड़ताल की गई। कागजात पूरे ना होने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने तथा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले दर्जनों वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।चेकिंग अभियान से मयूर तिराहे और आसपास के इलाकों में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बनी रही। कई वाहन चालक पुलिस को देखकर रास्ता बदलते नजर आए, जबकि कुछ ने मौके पर ही अपने दस्तावेज पूरे कराने का प्रयास किया।पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने तथा सभी आवश्यक कागजात साथ रखने की सख्त हिदायत दी। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना अभियान सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया गया है, आगे भी इस तरह की चेकिंग जारी रहेगी।

## शिक्षित समाज से ही होगा राष्ट्र का विकास- इंजीनियर मुकुल मिश्रा

**वाराणसी** मिजार्मुराद। बरकी में आज युवाओं और ग्रामीणों के साथ बैठक कर पारसनाथ मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष समाज सेवी मुकुल मिश्रा ने कहा कि शिक्षित समाज के माध्यम से ही राष्ट्र का विकास हो सकेगा। उक्त बैठक में विचार व्यक्त करते हुए मुकुल मिश्रा ने कहां की ग्रामीण बालक एवं बालिकाओं को शत प्रतिशत शिक्षित होना होगा।उसके बाद रोजगार और स्व व्यवसाय में लगकर समाज के लिए काम करना होगा। तभी भारत एक सशक्त और विकसित राष्ट्र बन सकेगा।बरकी में उन्होंने गरीब, विधवा, बेसहारा, दिव्यांग, बनवासी परिवारों के बीच सहयोग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त कार्यक्रम में समाजसेवी दिनेश्वर मिश्रा, शिविका मोजा, कृपाल मिश्रा, अमरनाथ यादव, आनन्द सिंह, संतोष सिंह, अमित पाण्डेय सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं तथापुरुष उपस्थित रहे।

# कांधला देहात में जावेद हसन के समर्थन में माहौल गर्म, जनता ने कहा—इस बार प्रधान जावेद हसन ही होंगे

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी ग्राम पंचायत चुनाव की अधिसूचना भले ही अभी जारी नहीं हुई हो, लेकिन शामली कांधला देहात में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। ग्राम प्रधान पद के संभावित प्रत्याशी चौधरी जावेद हसन ने जैसे ही अपनी दावेदारी पेश की, वैसे ही उन्हें क्षेत्र की जनता का भरपूर समर्थन मिलना शुरू हो गया है। कांधला देहात की जनता में चौधरी जावेद हसन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कांधला देहात के लोगों का कहना है कि जावेद हसन एक ईमानदार, साफ छवि और हर समय जनता के बीच रहने वाले नेता हैं। ग्रामीणों का साफ कहना है कि इस बार ग्राम प्रधान जावेद हसन ही होंगे, जनता ने उन पर



पक्की मोहर लगा दी है।चौधरी जावेद हसन बीते कई दशकों से सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं और हर सुख-दुख में जनता के साथ खड़े नजर आते हैं। उनके बड़े भाई चौधरी वाजिद हसन दो बार नगर पालिका परिषद कांधला के अध्यक्ष रह चुके हैं, जिनके कार्यकाल को आज भी लोग सम्मान के साथ याद करते हैं। उसी सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जावेद हसन अब ग्राम पंचायत स्तर पर विकास को नई दिशा देने के इरादे से चुनावी मैदान में हैं। कांधला देहात क्षेत्र की जनता का कहना है कि जावेद हसन 24 घंटे जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं और किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्या लेकर आने से कभी नहीं रोकते। क्षेत्र की गली-नालियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई और मूलभूत सुविधाओं को लेकर उनकी सोच साफ और स्पष्ट है।चौधरी जावेद हसन का कहना है कि यदि जनता उन्हें ग्राम प्रधान चुनती है, तो कांधला देहात को एक आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है, और इस विश्वास पर मैं हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा।कांधला देहात में जिस तरह से जनता का समर्थन जावेद हसन को मिल रहा है, उससे साफ है कि आने वाले ग्राम पंचायत चुनाव में मुकाबला दिलचस्प होने वाला है।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण हेतु पैदल गश्त व चेकिंग अभियान

**हापुड़ जनपद हापुड़** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा मय पुलिस बल अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, बाजारों एवं प्रमुख मार्गों पर पैदल गश्त की जा रही है।इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। पुलिस द्वारा आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा रहा है तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सतर्कता बरती जा रही है।

## महाविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नयना शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने लोक नृत्य एवं गायन की विभिन्न विधाओं में मनमोहक प्रस्तुतियां देकर खूब वाहवाही लूटी।कार्यक्रम के दौरान आयोजित लोक नृत्य समूह प्रतियोगिता में तानिया ग्रुप ने प्रथम, महविश ग्रुप ने द्वितीय तथा जेनाब ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष की छात्रा तरन्नुम पुत्री मीना प्रथम, तृतीय वर्ष की महक पुत्री शाहिद द्वितीय तथा जेनाब पुत्री नवाब तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं एकल गायन प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष की समरीन पुत्री मोहसिन ने प्रथम, तृतीय वर्ष की आयशा पुत्री रहीस ने द्वितीय तथा तहरीन पुत्री आमिर अहमद ने तृतीय स्थान हासिल किया। सामूहिक गायन प्रतियोगिता में अर्शी ग्रुप ने प्रथम, आयशा ग्रुप ने द्वितीय एवं महविश ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिताओं का निष्पक्ष मूल्यांकन डॉ. सीमा सिंह एवं डॉ. अंकिता त्यागी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विजेता एवं प्रतिभागी छात्राओं की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

# कब्रिस्तान की भूमि कराई कब्जा मुक्त, अवैध कब्जेदारों में हड़कंप

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के सलेमपुर मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान की भूमि खसरा संख्या 618 पर लंबे समय से किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने सख्ती से हटवा दिया। इस कार्रवाई से अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया, वहीं कस्बेवासियों ने प्रशासनिक कदम की सराहना की है।

कब्रिस्तान की भूमि पर कस्बे के ही अबरार आदि ने पिछले चालीस साल से अवैध रूप से कब्जा कर रखा गया था। इस संबंध में मुकरिम पुत्र याकुब ने जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान एवं उपजिलाधिकारी निधि भारद्वाज को लिखित शिकायत कर कब्रिस्तान की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने मामले की जांच कर कार्रवाई के



आदेश दिए। शुक्रवार को एसडीएम के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम, कानूनगो धर्मवीर सिंह एवं लेखपाल मिंटू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि की विधिवत पैमाइश कराई और कब्जे की पुष्टि होने पर तत्काल प्रभाव से अवैध कब्जा हटवाते हुए कब्रिस्तान की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी में पूरा अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# ठगी का शिकार युवक को पुलिस ने दिलाई पूरी रकम वापसी

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के बिजली घर रोड निवासी एक युवक के खाते से अज्ञात ठग द्वारा ऑनलाइन ठगी कर हजारों रुपये की नकदी निकाल ली गई थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर क्राइम की मदद से पूरी धनराशि वापस करा दी।कस्बे के बिजली घर रोड निवासी आरिफ पुत्र शौकत ने 6 जनवरी को थाना कांधला पर शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि उसका खाता एक्सिस बैंक में है और अज्ञात ठग ने उसके क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग करते हुए 36,999 रुपये की रकम डेबिट कर ली। ठगी की जानकारी होते ही पीड़ित ने थाने पर संचालित साइबर सेवा केंद्र पर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते



हुए तत्काल साइबर क्राइम सेल को सूचित किया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी की।इसके बाद शुक्रवार को पीड़ित के खाते से डेबिट की गई पूरी धनराशि शत-प्रतिशत वापस करा दी गई।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि अज्ञात ठग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से पीड़ित के खाते से रकम निकाली गई थी। साइबर क्राइम टीम की प्रभावी कार्रवाई के चलते पीड़ित को उसकी पूरी धनराशि वापस दिला दी गई है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ऑनलाइन लेनदेन के प्रति सतर्क रहें और ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर सेवा केंद्र या थाने पर शिकायत दर्ज कराएं।

# भारी मात्रा में चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार भेजा जेल

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के कुशल नेतृत्व और सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर एक बार फिर बड़ा प्रहार हुआ है। पुलिस ने लंबे समय से सक्रिय एक चरस तस्कर को 820 ग्राम चरस के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक शातिर तस्कर कस्बे के जन्नत कॉलोनी रोड से चरस तस्कर चरस की सप्लाई करने की फिराक में है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक ने




तत्काल टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी साहिब पुत्र साकिर निवासी मोहल्ला शेखजादगान कांधला को धर दबोचा, जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 820 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी काफी दिनों से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त था और युवाओं को नशे की गर्त में धकेलने का काम कर रहा था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में नशा कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नशे के सौदागरों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

# ज्ज्वल फाउंडेशन ने मलिन बस्ती बिजौली मे बुजुर्गों के साथ सक्रांति मनाई!




वेलकम इंडिया

**झांसी!** नम्रता गर्ग की अध्यक्षता में उज्जवल फाऊंडेशन ने बुजुर्गों के साथ और बच्चों के साथ संक्रांति का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया और उनके चेहरों की मुस्कुराहट और खुशियां देखते ही बनी जिसमें लाई के लड्डू दिल्ली की गजक कंबल स्वेटर चप्पल मूंगफली खिचड़ी विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ उनका वितरण किया जिनमें हमारे एक्टिव सक्रिय सदस्य सुमन साहू दीप्ति सोनी सपना सोनी रुचि सोनी इंदु कपूर संगीता अग्रवाल रजनी अग्रवाल मंजरी खन्ना नवनीत जैन रीता जैन विनीत मिश्रा रंजना चौरसिया काजल यादव अंजू यादव नीलू अग्रवाल पुष्पा अग्रवाल और अंत मैं डॉक्टर चंद्रिका ने आभार व्यक्त किया

## एसएसपी ने दो क्षेत्राधिकारियों को किया सम्मानित।

**बुलंदशहर:** महाकुम्भ प्रयागराज-2025 के सफल आयोजन पर बुलंदशहर के दो सीओ सम्मानित किए गए। सीओ प्रखर पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी डिबाई मधूप कुमार सिंह हुए सम्मानित

उत्तर प्रदेश शासन ने उत्कृष्ट सेवा के लिए महाकुम्भ सेवा मेडल दिया है।

एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने मेडल प्रदान किए कार्यक्रम में एसपी ग्रामीण डॉ तेजवीर सिंह और एसपी अपराध नरेश कुमार मौजूद रहे।

# मतदाता सूची शुद्धिकरण को लेकर आयोग का बड़ा कदम, 17, 18, 31 जनवरी व 1 फरवरी को हर बूथ पर विशेष अभियान

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत चार विशेष अभियान तिथियां निर्धारित की हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 06 जनवरी, 2026 से 06 फरवरी, 2026 तक तय की गई है। इस दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए 17,18 जनवरी (शनिवार, रविवार), 31 जनवरी (शनिवार) और 01 फरवरी (रविवार) को प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जारी आदेश में बताया है कि विशेष अभियान तिथियों में प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सहायक स्टाफ के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे। बीएलओ 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची, गणना अवधि में अप्राप्य (वल्लूङ्ह्लीउ्ली) श्रेणी में चिन्हित मतदाताओं की सूची, अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक व डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही फार्म-6 (नया नाम जोड़ने हेतु), 6ए, 7 (नाम हटाने हेतु) और 8 (संशोधन हेतु) सभी आवश्यक घोषणा-पत्रों सहित पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे। विशेष अभियान के दौरान हर मतदान केन्द्र पर हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में पूर्ण सहायता दी जाएगी। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) से भी सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा सभासदों, ग्राम प्रधानों और स्वयंसेवकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रतिदिन पुनरीक्षण कार्यक्रम की गहन समीक्षा के निर्देश भी दिए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित विशेष अभियान तिथियों पर अपने बूथ पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें। यदि कोई त्रुटि हो तो समय रहते फार्म-6, 6ए, 7 या 8 ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से भरकर दावे व आपत्तियां दर्ज कराएं, ताकि मजबूत लोकतंत्र के लिए सटीक और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार की जा सके।

# पत्रकार कड़ी मेहनत से सूचनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का करते हैं कार्य : सुजीत सिंह

**संदीप तिवारी**




**वाराणसी** मिजार्मुराद । सारनाथ के शिवम पैलेस में शुक्रवार को आयोजित पत्रकार प्रेस क्लब आई कार्ड वितरण सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि वाराणसी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पंचायत प्रकोष्ठ के संयोजक काशी क्षेत्र सुजीत सिंह डॉक्टर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी हैं। सरस्वती के साधक होने के साथ ही कड़ी मेहनत से सूचनाओं को आमजनों तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। श्री सिंह ने कहा कि पत्रकार प्रेस क्लब द्वारा पत्रकारों के हित में जो मांगें रखी गई हैं, उसके निराकरण के लिये मुख्यमंत्री को अवगत कराकर उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे। पत्रकार प्रेस क्लब संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के नेतृत्व में प्रदेश भर में पत्रकारों के हित में यह संगठन बढ़िया कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि मांनद सदस्य वाराणसी विकास प्राधिकरण अंबरीश सिंह भोला ने कहा कि पत्रकार प्रेस क्लब पत्रकारों के हित में कार्य करने वाला बहुत ही सशक्त संगठन है। पीपीसी के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक पत्रकारों के हित में निरंतर कार्य करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित पत्रकारों की समस्याओं को मैं मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर उन्हें न्याय दिलाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम की अति विशिष्ट अतिथि भाजपा विधायक नील रतन सिंह पटेल नीलू की पुत्री तथा विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की सबसे जागरूक कौम है। पत्रकार प्रेस क्लब प्रदेश का सबसे सशक्त संगठन बनकर उभरा है। पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के नेतृत्व में पत्रकार साथी निरंतर कार्य कर महत्वपूर्ण सूचनाओं को आम जन तक पहुँचाने के दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। पत्रकारों की जो भी समस्याएं होगी उसे मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर उन्हें न्याय दिलाने का कार्य करूंगी। पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक तथा पीपीसी की पूरी टीम की ओर से मुख्य अतिथि तथा अति विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र एवं बाबा काशी विश्वनाथ का मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक, प्रदेश संयोजक मनीष दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज भूषण मिश्रा,शशि प्रकाश सिंह,₹सोनू₹,संतोष पांडे प्रदेश महासचिव पवन त्रिपाठी,प्रदेश संगठन मंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्वांचल अध्यक्ष प्रवीण चौबे, पूर्वांचल संयोजक आकाश यादव,पीपीपी वाराणसी जिला अध्यक्ष पवन पांडे,भदोही जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार दुबे, चंदौली जिला अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, मऊ जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, जौनपुर जिला संयोजक विवेक सिंह राजपूत सहित कई जनपदों के सैकड़ो पत्रकार मौजूद रहे।

## सात जुआड़ी गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज



**संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद** कछवारोड़। मिजार्मुराद पुलिस ने गुरुवार की देर रात गौर गांव स्थित मुश्लिम बस्ती में छापा मारकर एक घर के पास जुआ खेल रहे सात जुआड़ियों को गिरफ्तार कर लिया व मुकदमा दर्ज करने के बाद देर रात निजी मुचलके पर छोड़ दिया।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि गौर गांव स्थित मुश्लिम बस्ती में देर रात तक तास का पत्ता जीत हार के लिए पैसा लगाकर खेला जाता है जिसपर देर रात कछवांरोड चौकी प्रभारी रामचन्द्र यादव व एसआई मधुसूदन त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की जिसपर तास का पत्ता खेलते समय गौर गांव (मिजार्मुराद) निवासी बारिक खान, आजिद उर्फ माज खान, शिवम सेठ, विमलेश कुमार, बृजेश, विशाल मोदनवाल व बड़ागांव थाना क्षेत्र के वाजिदपुर निवासी सुनील सेठ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।जुआड़ियों के पास से कुल टोटल 4100 रुपया नगद व 52 अदद तास के पत्ते बरामद हुए।

पुलिस ने देर रात 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी जुआड़ियों को निजी मुचलके पर छोड़ दी।गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में कछवांरोड चौकी प्रभारी रामचन्द्र यादव, एसआई मधुसूदन त्रिपाठी, अविनाश कुमार सिंह, कांस्टेबल चंचल यादव, कमलेश यादव व नितेश कुमार रहे।

# आवारा कुत्तों का आतंक कुत्ते के हमले से पांच लोग हुए घायल, एक बच्ची की हालत गंभीर

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** कस्बा फतेहगंज पश्चिम क्षेत्र के गांव मनकरी में आवारा कुत्तों के आतंक ने गांव के कई लोगों के जीवन को संकट में डाल रखा है। ताजा घटना के अनुसार आवारा कुत्तो ने लोगों पर बुरी तरह हमला कर लोगों को काट कर घायल कर दिया। आवारा कुत्ते के काटने से एक बच्ची बुरी तरह घायल हो गई। जानकारी के अनुसार मनकरी गांव निवासी भारतीय किसान यूनियन मीरगंज तहसील अध्यक्ष सुधीर बालियान ने बताया है कि सभी ग्राम वासियों एवं प्रमुख समाजसेवियों द्वारा मंदिर में खिचड़ी भोज कार्यक्रम किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक एक आवारा पागल कुत्ता कहीं से वहां पर आ गया। और उसने तीन बच्चों समेत पांच लोगों को घायल कर दिया। जिसमें नन्हें लाल की पुत्री लक्ष्मी को बुरी तरह काट लिया। उसके बाद बच्ची के परिजनों ने तुरंत ही फतेहगंज पश्चिमी खिरका स्थानीय सरकारी अस्पताल में दिखाया उसके बाद बरेली जिला अस्पताल भर्ती कराया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष चौधरी अरुण सिंह राठी एवं ग्राम प्रधान ने बताया है कि मनकरी गांव में मंदिर पर आयोजित खिचड़ी भोज से लौट रही 5 वर्षीय लक्ष्मी, 8 वर्षीय प्रज्ञा, 3 वर्ष के अभी और 35 वर्षीय कपिल और 60 वर्ष के भोले पर कुत्ते ने हमला कर बुरी तरह काट कर जख्मी कर दिया। कुत्ते के हमले से 5 वर्षीय लक्ष्मी के चेहरे पर गहरे घाव बन गए हैं। बच्ची को परिजनों ने बरेली जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां बच्ची की हालत नाजुक बताई जाती है। चौधरी अरुण सिंह राठी ने बताया कि मनकरी गांव में गांव में कुत्तों का आतंक है और आवारा जानवर (सांड) किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे हैं। गांव के किसान रात को फसल की रखवाली करने से भी डरते हैं। आवारा जानवरों को पकड़वाने एवं जंगल में छोड़ने की मांग अधिकारियों से की गई है। मीरगंज एसडीएम और सचिव हर्ष चौहान ने बताया कि मनकरी गांव में आवारा कुत्ते ने कई लोगों को काटा है। जिनमे कपिल पुत्र जयवीर, प्रज्ञा पुत्री हरिद्वारी और भोले राम को आवारा कुत्ते ने काट लिया है। जल्द ही आवारा जानवरों को पकड़वाया जाएगा।

# एडिशनल सीपी के आदेश पर छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस ने एडिशनल सीपी के आदेश पर शुक्रवार की रात पीड़िता बेनीपुर (मिजार्मुराद) निवासिनी प्रीति सैनी के प्रार्थना पत्र पर पति, ससुर, सास, जेट, जेठानी समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत मारपीट, जान से मारने की धमकी देना समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार बेनीपुर (मिजार्मुराद) निवासी राधेश्याम माली अपने पुत्री प्रीति सैनी की शादी कैलाश माली के पुत्र संदीप सैनी के साथ 2016 में 23 अप्रैल को धूमधाम से दहेज देकर किया था।पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल के लोग आए दिन दहेज में एक लाख रुपया की मांग कर के प्रताड़ित करने लगे और मारने पीटने लगे।जब में बोली कि मेरे पिता काफी गरीब है जितना उनसे होता था देकर शादी किये तो बुरी तरह मारपीट कर 2020 में 20 मई मायके छोड़ दिये तब से मायके में अपने माता-पिता के साथ रह रही थी।

इसी बीच जानकारी हुआ कि पति ने दूसरी लड़की से शादी कर लिया है जानकारी की तो पता चला कि चंदौली के एक लड़की से शादी किया है मुझसे छिपकर।पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर पति संदीप सैनी, ससुर कैलाश सैनी, सास मालती देवी, जेट संतोष माली, जेठानी व मधु के खिलाफ धारा 498-अ, 323, 504, 506 व 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।

# खनन माफिया का तांडवः ओवरलोड ट्रकों से अफसरों को कुचलने की कोशिश, 37 वाहन जब्त

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**

**बरेली।** अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ चल रही सख्ती के बीच बहेड़ी थाना क्षेत्र से खनन माफियाओं का दुस्साहस सामने आया है। सरकारी जांच टीम पर ओवरलोड ट्रकों से हमला करने के मामले में 37 ट्रक जब्त किए गए हैं साथ ही खनन अधिकारी की तहरीर के आधार पर ट्रक चालकों, हेल्परों और कुछ फील्डिंग करने वालों समेत 42 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। ये घटना 14 जनवरी 2026 की शाम करीब 5:30 बजे की है। जब खनन अधिकारी मनीष कुमार अपनी टीम के साथ आईएसटीपी जांच के लिए उत्तर प्रदेशझउत्तराखंड बॉर्डर, मुड़िया टोल प्लाजा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डीएम द्वारा गठित जांच टीम ने सूचना दी कि टोल से पहले 40झ45 ओवरलोड ट्रक बिना वैध खनन कागजात के गुजर रहे हैं।

जांच टीम में शामिल राजस्व निरीक्षक राजीव कुमार, उप आबकारी निरीक्षक सुभाष चंद्र, यात्री मालकर अधिकारी रमेश चंद्र प्रजापति, उनके हमराह दिनेश कुमार सिंह, राहुल सिंह तोमर, उपनिरीक्षक कृष्णपाल व केशव कुमार ने जब ट्रकों को रोकने का प्रयास किया तो चालकों ने जान से मारने की नीयत से वाहनों को उनकी ओर बढ़ा दिया। इस घटना में उपनिरीक्षक कृष्णपाल घायल हो गए, जबकि अन्य अधिकारी किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे। इस घटना के बाद पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे में जिन ट्रक चालकों के नाम सामने आए हैं, उनमें प्रमुख रूप से सलमान पुत्र इस्लाम, निवासी डोहरिया, थाना भोजीपुरा, मोहम्मद कमर पुत्र मोहम्मद अहमद, निवासी ग्राम गुडवारा, थाना बहेड़ी करन सिंह पुत्र भगवानदास, निवासी ग्राम जादौपुर, थाना भोजीपुरा, चांद पुत्र उरमान शाह, निवासी महेशपुरा, थाना सीबीगंज, मोहम्मद नसीम पुत्र इजराईल, निवासी कस्बा शेरगढ़, कासिम पुत्र मोसम खां, निवासी डोहरिया पचदौरा, थाना भोजीपुरा, सुनील पुत्र बादाम सिंह, निवासी ग्राम करमपुर चौधरी, थाना इज्जतनगर, विकास पुत्र जगदीश, निवासी कस्बा तिलहर, जिला शाहजहांपुर, भुज पुत्र कुंवरसेन, निवासी ग्राम मिजार्पुर रंजीत, थाना बहेड़ी, साकिर पुत्र साबिर, निवासी सुरला, थाना भोजीपुरा, नाजिम पुत्र मोहम्मद अहमद, निवासी ग्राम गुडवारा, थाना बहेड़ी, राजेश पुत्र ओमप्रकाश, निवासी अनन्दीपुर, थाना देवरनिया, दान सिंह पटेल पुत्र देवस्वरूप, निवासी पट्टी दियावाली, थाना जहानाबाद, पीलीभीत, इमरान पुत्र सुलेमान, निवासी ग्राम पचदौरा दौहरिया, थाना भोजीपुरा, निजाम पुत्र इकराम, निवासी ग्राम पचदौरा दौहरिया, थाना भोजीपुरा, मुजीव पुत्र सफदर अली, निवासी मुरादपुर, थाना भोजीपुरा, सलमान पुत्र अब्दुल खां, निवासी पचदौरा दौहरिया, थाना भोजीपुरा, इसके अलावा अज्ञात वाहन स्वामी, हेल्पर एवं प्राइवेट गाड़ियों से फील्डिंग करने वाले लोग भी मुकदमे में नामजद/अज्ञात अभियुक्त बनाए गए हैं।

# केजीबीवी वारीनगला के मुख्य द्वार की टूटी हुई पुलिया अभी तक नहीं बनी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** जनपद के विकास क्षेत्र क्यारा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय वारीनगला के मुख्य द्वार पर बनी पुलिया पिछले 8 महीनो से धसी हुई है, जिसकी वजह से इस विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन इसकी खबर लेने वाला कोई नहीं है न ही कोई शिक्षा अधिकारी और न ही कोई विकास अधिकारी। आपको बता दें कि इस विद्यालय में छात्राओं के साथ विद्यालय का स्टाफ भी रहता है। आज शीतकालीन अवकाश समाप्त हो चुके हैं, विद्यालय एक बार फिर से बच्चों की शिक्षा के लिए खुल चुके हैं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश के अनुसार हालांकि छात्राओं के लिए सर्दियों की छुट्टियां दो दिन के लिए बढ़ा दी गई है लेकिन स्टाफ को विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यालय से संबंधित तमाम विभागीय व प्रशासनिक कार्य करने होंगे। आज जब विद्यालय सुबह खुला तब नजारा वही रहा जो पिछले 8 महीनो से देखा जा रहा था। आपको बता दें कि इस विद्यालय के मुख्य द्वार पर बनी हुई पुलिया की शिकायत कई बार खंड विकास अधिकारी क्यारा और खंड शिक्षा अधिकारी क्यारा से की जा चुकी है लेकिन किसी ने भी इस समस्या का समाधान करने के लिए एक कदम भी चलना मुमकिन नहीं समझा।

इस आवासीय विद्यालय की समस्या की अनदेखी को लेकर क्षेत्र की जनता में प्रशासन और शिक्षा विभाग के खिलाफ खासी नाराजगी देखने को मिल रही है, स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा अधिकारी तमाम आयोजनों पर इस विद्यालय में आते रहते हैं और कार्यक्रमों में सम्मिलित होते रहते हैं वहीं औचक निरीक्षण करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी भी इस आवासीय विद्यालय का रुख करते हैं लेकिन समस्या को अनदेखा करते हुए यहां से निकल जाया करते हैं।

# अयोध्या प्रोजेक्ट व गोमती हाईवेज की पहलः छात्रों और बस चालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ

**वेलकम इंडिया फतेह खान**



**अयोध्या** प्रोजेक्ट और गोमती हाईवेज प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में एक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों और स्कूल बस चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को कम करना था, क्योंकि यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण भारत विश्व में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों के आंकड़ों में पहले स्थान पर है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का विषय ₹मेरा हेल्मेट, मेरी सुरक्षा₹ था। ठऌअक अयोध्या प्रोजेक्ट के निदेशक अवनीत सिद्धार्थ और गोमती हाईवेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर रोहन करवालो के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। इसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं और स्कूल बस चालकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उपस्थित लोगों को पम्पलेट्स के माध्यम से असुरक्षित सड़क व्यवहारों जैसे हेल्मेट न पहनना, सीटबेल्ट का उपयोग न करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, नशे की हालत में ड्राइविंग करना, रेड लाइट जंप करना और ओवरस्पीडिंग के परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सीएसआर मैनेजर फिरोज खान ने इन जोखिमपूर्ण आदतों से होने वाली दुर्घटनाओं और उनसे बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में सुचित्रा शुक्ला, एडवोकेट गणेश शंकर शुक्ला, पवन कुमार सिंह, सर्वेश सिंह, अरुणा प्रकाश वर्मा भी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में जेसीबी कंपनी के सुपरवाइजर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के पवन विहार कॉलोनी निवासी 31 वर्षीय गौरव यादव की गुरुवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई। गौरव जेसीबी कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। ड्यूटी समाप्त कर वह बाइक से घर लौट रहे थे, तभी सरदार पटेल इंटर कॉलेज के पीछे स्थित वीडीए रोड कॉलोनी में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में गौरव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल भिजवाया गया, जहां इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उनकी मौत हो गई। मृतक के पिता तेजपाल सिंह यादव ने बताया कि उन्हें बेटे के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना उसके साथियों और पुलिस से मिली थी। जब वह अस्पताल पहुंचे तो गौरव के सिर में गंभीर चोट थी। सभी को उम्मीद थी कि वह ठीक हो जाएगा, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गौरव अपने परिवार का इकलौता पुत्र था और प्राइवेट नौकरी करके परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां उषा का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पत्नी सीता बार-बार बेहोश हो जा रही हैं। पत्नी का कहना है कि सब कुछ ठीक चल रहा था, उनके पति न तो शराब पीते थे और न ही किसी तरह का नशा करते थे, फिर यह हादसा कैसे हुआ, यह समझ से परे है। गौरव अपने पीछे पत्नी और एक छोटे बेटे को छोड़ गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश में जांच शुरू कर दी है।

# नई रोजगार योजना से विकसित भारत का सपना होगा साकार-कुंदन

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर,** मनरेगा का नाम बदलने पर केंद्र सरकार द्वारा देशवासियों के हित में ऐतिहासिक विकास के नाम पर विकसित भारत के सपने को साकार बनाने हेतु लाई गई योजना है। विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एण्ड आजीविका मिशन को भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट कुंदन सिंह परिहार ने जनता के हित के लिए बनाई योजना बताया। कहा कि नई योजना के तहत अब प्रत्येक बेरोजगार को 100 दिन के बजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा। कहा कि कांग्रेस ने पूर्व में कई बार योजनाओं का नाम बदला और अब कांग्रेस इस पर हो हल्ला मचा रही है। देश के विकास को अवरुद्ध करने हेतु कांगेस मुद्दा विहीन होकर विकसित भारत के संकल्प को बाधित करना चाहती है।योजना का नाम बदलकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी ने विकसित भारत के दृढ़निश्चय को साकार करते हुए देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में आमजन के हितों के लिए लिया गया ऐतिहासिक निर्णय बताया। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री परिहार ने कहा कि नई योजना के अंतर्गत काम के दिन पहले की अपेक्षा ज्यादा होंगे पहले प्रत्येक परिवार को 100 दिन का रोजगार दिया जाता था प्रत्येक परिवार को 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा। मनरेगा पर अब तक प्रधानमंत्री द्वारा 11.74 लाख करोड रुपए खर्च किए। जो अभी तक की राशि में सबसे ज्यादा है। पूर्व में रोजगार का नाम महात्मा गांधी के नाम पर था 1980 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सभी पुरानी योजनाओं को मिलाकर राष्ट्रीय ग्रामीण योजना कार्यक्रम का नाम दिया उसके तुरंत बाद राजीव गांधी ने इसी का नाम जवाहर रोजगार का नाम दिया। वर्ष 2005 में इसको मनरेगा कर दिया कांग्रेस सरकार की इस योजना में किसी तरह की पारदर्शिता नहीं थी। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने इस योजना के तहत अब इसमें रियल टाइम डाटा अपलोड होगा। जीपीएस और मोबाइल मॉनिटरिंग होगी इसमें सभी लाभार्थियों को काम मिलेगा और जीवन स्तर में सुधार भी होगा और इसका पेमेंट प्रत्येक हफ्ते में मिलेगा जबकि अभी तक मनरेगा का पेमेंट 15 दिन में होता था।

# 18 जनवरी से पहले हटा लें अवैध कब्जा अन्यथा 19 को निगम हटायेगा

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** नगर निगम ने तिब्बती मार्किट में सड़क पर अवैध कब्जा कर बैठे सभी थलेदारों के थलों पर नोटिस चस्पा कर 18 जनवरी से पूर्व अपना कब्जा हटाने को कहा है। कब्जा न हटाने पर 19 जनवरी को निगम द्वारा अवैध कब्जा हटाते हुए हर्जे-खर्चे की वसूली तथा सुसंगत धाराओं में कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गयी है। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने तिब्बती मार्किट में अवैध कब्जा करने वाले थलेदारों को भेजे गए नोटिस में कहा है कि उनके द्वारा सड़क पर अस्थायी थला लगाकर अवैध कब्जा किया गया है,जिससे यातायात व्यवस्था प्रतिकूल रुप से बाधित होती है। उन्होंने नोटिस में बताया कि इससे पूर्व 16 नवम्बर 2024 एवं 20 दिसम्बर 2024 को भी अवैध अस्थायी कब्जा हटाये जाने के लिए कहा गया था और कई बार मुनादी भी करायी गयी है लेकिन उनके द्वारा अवैध कब्जा नहीं हटाया गया है। चस्पा किये गए नोटिस में बताया गया है कि उनके (थलेदारों) द्वारा 11 दिसंबर 2024 को दिए गए नोटिस के जवाब को संतोष जनक नही पाया गया था। इसके अलावा महापौर महोदय को 12 जनवरी 2026 को दिये गए उनके (थलेदारों) प्रार्थना पत्र के संदर्भ में अभिलेखों का अवलोकन कर पाया गया कि उन्हें विधिक रुप से सड़क पर थला लगाने का कोई विधिक अधिकार नहीं है, इसलिए उस प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया गया है। चस्पा किये गए नोटिस में कहा गया है कि वे अस्थायी कब्जे को 18 जनवरी 2026 से पूर्व स्वयं हटा लें अन्यथा 19 जनवरी 26 को नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों से अवैध अस्थायी कब्जे को हटाकर कब्जा हटाने का हर्जा-खर्चा वसूल किया जायेगा और कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# खुर्जा में विकास प्राधिकरण का बड़ा एक्शन



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** खुर्जा में डॉ० अंकुर लाठर, उपाध्यक्ष, बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण के निर्देशन में खुर्जा विकास क्षेत्रान्तर्गत अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई। विकास प्राधिकरण के सचल प्रवर्तन दल ने अलग-अलग स्थानों पर की जा रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण की टीम द्वारा ग्राम उस्मापुर, पुराना जीटी रोड, खुर्जा पर नेत्रपाल सोलंकी द्वारा लगभग 9 बीघा, जगदीश द्वारा लगभग 7 बीघा तथा योगेश गौड़ व अभिषेक द्वारा लगभग 15 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त ग्रीन वैली ओयो होटल के सामने ग्राम वाजिदपुर बाईपास, खुर्जा पर अरुण चौधरी व राहुल चौधरी आदि द्वारा लगभग 8 बीघा, खुर्जा बाईपास पर सिद्धार्थ गौड़ द्वारा लगभग 4 बीघा, खुर्जा-पहासू रोड पर महावीर द्वारा लगभग 2 बीघा भूमि में अवैध प्लॉटिंग को गिराया गया। इसी क्रम में खुर्जा बाहर चुंगी पर कमरूद्दीन द्वारा लगभग 26 बीघा, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने एनएच-91 पर मौ० अब्दुल रहमान (विकासकर्ता आयुष तौमर) द्वारा लगभग 8 बीघा, रॉयल रिसोर्ट के सामने खुर्जा पर बल्लू व इमरान द्वारा लगभग 30 बीघा तथा एनएच-91, खुर्जा पर अशोक रतनलाल द्वारा लगभग 8 बीघा क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लॉटिंग को भी ध्वस्त किया गया।


# नेता के साथ पहलवान बनकर कपकोटविधायक ने दिखाई प्रतिभा

वेलकम इंडिया



**कपकोट**, तनुज तिरूवा, जिले में उत्तरायणी मेले की धूम मची है। बागेश्वर के ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले के साथ साथ भराड़ी में आयोजित उत्तरायणी मेले पर कपकोट-भराड़ी बाजार में मेले की रौनक है। भराड़ी बाजार में पहली बार दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश के पहलवानों द्वारा कुश्ती में अपना जौहर दिखाया जा रहा है। पहलवानों ने खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए विरोधी पहलवानों के साथ कुश्ती लड़ी। प्रतियोगिता देखने हेतु कार्यक्रम स्थल में मेलार्थियों का हुजूम उमड़ गया। दंगल में मेलार्थियों का उत्साह और बढ़ गया जब स्थानीय विधायक सुरेश गढ़िया द्वारा खिलाड़ियों के साथ परिचय करते हुए विधायक स्वयं दंगल में नामी पहलवानों को हंसकर चुनौती देने लगे। विधायक को दंगल मैदान में देख लोगों द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से विधायक जिंदाबाद के नारे लगने लगे। युवा विधायक द्वारा कुश्ती दंगल से पहाड़ के युवाओं को प्रतिभा का हुनर दिखाने हेतु युवा पीढ़ी को कुश्ती खेल में प्रतिभा का हुनर दिखाने हेतु खेल को अपने कैरियर का हिस्सा बनकर जिला व राज्य का नाम रोशन करने की अपील की। ट्रायल मैच के दौरान विधायक सुरेश गढ़िया खुद मैदान पर कूदें जहां विधायक सुरेश गढ़िया ने मैच के दौरान पहलवान अनूप को रिंग से बाहर का रास्ता दिखाया। वहीं कुल छः पहलवानों ने प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें पहले मैच में अनूप व बांबी का मुकाबला हुआ जिसमें अनूप विजेता रहे वहीं दूसरे राउंड में मोहित बागेश्वर मंडलसेरा के रहने वाले हैं जिसका मुकाबला उधम सिंह के साथ हुआ। मैच एक घंटे तक चला जिसमें अंतिम राउंड में मोहित विजेता रहे। अगला मैच बिटु व बाबी के बीच हुआ जिसमें बिट्टू विजेता रहे। इस दौरान स्थानीय युवक राम सिंह ऐठानी ने भी ट्रायल मैच खेला। कार्यक्रम में विधायक सुरेश गढ़िया नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी, ब्लाक प्रमुख भावना साही, सांसद प्रतिनिधि और पूर्व जिपं अध्यक्ष विक्रम साही, उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सल्ट माहेश्वर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# काशी के छात्र बनाएंगे विश्व रिकॉर्ड बनारस लिटरेचर फेस्टिवल में सजेगी सबसे बड़ी बुकमार्क प्रदर्शनी



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी:-** 'बनारस लिटरेचर फेस्टिवल 2026' के चौथे संस्करण में काशी के स्कूली छात्र और युवा एक नया विश्व कीर्तिमान रचने जा रहे हैं इस ऐतिहासिक पहल के तहत पच्चीस हजार छात्र मिलकर लार्जेस्ट हैंडमेड बुकमार्क डिस्प्ले (सबसे बड़ी हस्तनिर्मित बुकमार्क प्रदर्शनी) तैयार करेंगे जिसे एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के लिए नामांकित किया जाएगा

मुख्य बिंदु

(1)- उद्देश्य- विद्यार्थियों में रचनात्मकता और पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना

(2)- प्रतिभागिता-वाराणसी के स्कूलों से हजारों हस्तनिर्मित बुकमार्क्स का संग्रह किया जाएगा

(3)- सम्मान- सर्वाधिक प्रविष्टियां भेजने वाले टॉप पांच स्कूलों और सर्वश्रेष्ठ डिजाइन बनाने वाले छात्रों को होटल ताज गंगेज के मुख्य मंच पर पुरस्कृत किया जाएगा

(4)- उपहार- हर प्रतिभागी को ई-सर्टिफिकेट और एक विशेष बुकमार्क मिलेगा जो फेस्टिवल में उनके लिए 'प्रवेश टिकट' का काम करेगा आयोजन समिति का संदेश यह प्रयास काशी की युवा मेधा को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने और उन्हें साहित्य से जोड़ने का एक महा-अभियान है इच्छुक विद्यालय 24 जनवरी 2026 तक अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं

# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद का किया गया स्थलीय निरीक्षण, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खलीलाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रामानुज कनौजिया उपस्थित रहे।

निरीक्षण के समय मौके पर उपस्थित डॉ0 केपी सिंह द्वारा बताया गया कि अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खलीलाबाद एक प्रकरण में मगहर गए हुए है। उन्होंने बताया कि सीएचसी खलीलाबाद सन- 2014 से पूर्व जिला अस्पताल के रूप में कार्यरत था। इस समय हॉस्पिटल में 04 डॉक्टर कार्यरतहै जिसमें से डॉ0 वरुणेश दुबे व डॉ0 रामशिला अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के समय सुनीता यादव स्टाफ नर्स, रितेश्वर श्रीवास्तव फार्मासिस्ट, आमोद कुमार मिश्रा आयुष फार्मासिस्ट, राजेश कुमार सिंह ल्ढेड, अर्चना श्रीवास्तव इट, धर्मेंद्र कुमार ऊढेड, अभय त्रिपाठी इडट भी अनुपस्थित पाए गए। एक्स-रे कक्ष के निरीक्षण के दौरान डॉ0 केपी सिंह द्वारा बताया गया कि दिनांक 23 दिसंबर 2025 से कोई एक्स- रे नहीं किया गया है क्योंकि एक्स-रे फिल्म नहीं है। सीएमओ द्वारा बताया गया कि जब से डिजिटल एक्स-रे चालू हुआ है तभी से एक्स-रे फिल्म नहीं मिल पा रही है। दवा वितरण कक्ष के निरीक्षण में पाया गया कि लगभग 200 लाइफ सेविंग दवाएं इमरजेंसी वार्ड में रखें है। डॉ0 केपी सिंह द्वारा बताया गया कि किसी भी पेशेंट की दवा बाहर से नहीं लिखी जाती हैं। ऑपरेशन थिएटर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई नहीं पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण के निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित डॉ0 द्वारा बताया गया कि यहां पर नसबंदी व डिलीवरी की जाती है, यहां पर कोई भी सर्जन नहीं है। ऑपरेशन थिएटर के सभी यंत्र चालू हालत में साफ सुथरे रखे हुए हैं। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान जनरल वार्ड में मौजूद तीमारदारों से बातचीत की गई। जनरल वार्ड में उपस्थित पेशेंट से पूछा गया तो उन्होंने बताया गया कि दवाई मिल रही है, बाहर से दवाई नहीं खरीदी जा रही है, कोई समस्या नहीं हैं। मौके पर जनरल वार्ड में 06 पेशेंट थी जिनमें एक बच्चा भी था जिसमें 03 महिला पेशेंट की डिलेवरी हुई थी, 02 पेशेंट किसी अन्य बीमारी से व 01 बच्चा ठंड लगने से पेट दर्द के कारण भर्ती था जिसका उपचार किया गया था, उसकी स्थिति सामान्य थी। ईटीसी वार्ड में कुल 07 बेड थे जिस पर कोई पेशेंट नहीं था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक यूनिट के निरीक्षण में साफ-सफाई का अभाव पाया गया, प्रसाधन कक्ष में इनडोर मरीजों के लिए एक ही प्रसाधन कक्ष है जिसमें बाहरी लोग भी प्रसाधन के लिए आते हैं है। प्रसाधन कक्ष में साफ-सफाई नहीं है और स्थिति भी बहुत खराब है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्थलीय निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के सभी यूनिट की भवन में मरम्मत की आवश्यकता को देखते हुए जिलाधिकारी ने एस्टीमेट बनाकर शासन से बजट की मांग करने हेतु निर्देशित किया है।

# एनसीसी कैडेट्स ने रोड सेफ्टी वीक अंतर्गत सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया



वेलकम इंडिया

**झांसी!** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी प्रोफेसर सुनील कुमार कविया के निर्देशन में आज बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा रोड सेफ्टी वीक के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से सड़क पर चल रहे लोगों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित रूप से वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देकर उन्हें स्वयं की तथा दूसरों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर 56 यूपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रशांत कक्कड़ ने अपने वक्तव्य में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक होने का प्रमाण है। एनसीसी कैडेट्स द्वारा चलाया गया यह जागरूकता अभियान समाज में सुरक्षित यातायात व्यवहार विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिब्रूगढ़झलखनऊ (गोमती नगर) के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी को दिखाएंगे हरी झंडी



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17झ18 जनवरी 2026 को असम के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे इस दौरान वे असम को सांस्कृतिक,रेल और सड़क अवसंरचना से जुड़ी कई महत्वपूर्ण सौगातें देंगे खास बात यह है कि प्रधानमंत्री डिब्रूगढ़ लखनऊ (गोमती नगर) के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाएंगे जिससे लखनऊ का पूर्वोत्तर भारत से रेल संपर्क और सुदृढ़ होगा प्रधानमंत्री 17 जनवरी की शाम लगभग 6 बजे गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में आयोजित ऐतिहासिक बोडो सांस्कृतिक कार्यक्रम बागुरुम्बा दोहो 2026 में भाग लेंगे इस कार्यक्रम में बोडो समुदाय के दस हजार से अधिक कलाकार एक साथ पारंपरिक बागुरुम्बा नृत्य प्रस्तुत करेंगे राज्य के 23 जिलों के 81 विधानसभा क्षेत्रों से कलाकार इस आयोजन में शामिल होंगे बागुरुम्बा नृत्य बोडो समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है जो प्रकृति, सामूहिक सौहार्द और जीवन के उत्सव को दशार्ता है 18 जनवरी को प्रधानमंत्री सुबह लगभग 11 बजे नागांव जिले के कलियाबोर में 6,950 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना का भूमि पूजन करेंगे 86 किलोमीटर लंबी यह परियोजना एक पर्यावरण अनुकूल राष्ट्रीय राजमार्ग पहल है जिसमें काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से होकर गुजरने वाला 35 किलोमीटर का एलिवेटेड वन्यजीव गलियारा शामिल है

# क्राउन वेकर्स इंडिया प्रा.लि.की सुपर स्टॉकिस्ट सेल्स कॉन्फ्रेंस का वाराणसी में सफल आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** क्राउन बेकर्स इंडिया प्रा.लि. द्वारा कैंटोनमेन्ट स्थित एक होटल में शुक्रवार को सुपर स्टॉकिस्ट सेल्स कॉन्फ्रेंस का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया इस अवसर पर कंपनी से जुड़े विभित्र शहरों के सुपर स्टॉकिस्ट एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया इस सेल्स कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य कंपनी के व्यवसायिक विस्तार को नई दिशा देना,बाजार में उत्पादों की ब्रांडिंग को और अधिक सशक्त बनाना,वितरण नेटवर्क को मजबूत करना तथा ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा करना रहा साथ ही प्रचार एवं प्रमोशनल गतिविधियों के माध्यम से उत्पादों की गुणवत्ता के आधार पर मार्केट शेयर बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए काउन बेकर्स इंडिया प्रा.लि.के प्रबंधन ने कहा कि कंपनी के सुपर स्टॉकिस्ट एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स ही उसकी वास्तविक ताकत हैं जो कंपनी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हुए बाजार में ब्रांड को मजबूती प्रदान कर रहे हैं उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी माहौल में सभी को और अधिक ऊर्जा, उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है जिससे कंपनी को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर किया जा सके सेल्स कॉन्फ्रेंस के दौरान स्टॉकिस्ट एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए तथा महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए गए जिन्हें कंपनी प्रबंधन ने सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए भविष्य की योजनाओं में शामिल करने का आश्वासन दिया।

# अवन्तिका यूनिटी मोटर्स ने लॉन्च की नई 'किया सेलटॉस', आधुनिक फीचर्स और दमदार लुक ने जीता दिल

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी:-** किया इंडिया के अधिकृत डीलर अवंतिका यूनिटी मोटर्स एलएलपी द्वारा वाराणसी में किया ने नई मॉडल सेलटॉस का भव्य लॉन्च कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया यह कार्यक्रम 16 जनवरी 2026 शुक्रवार को अवंतिका यूनिटी मोटर्स एलएलपी किया शोरूम बाबतपुर में संपन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान किया नई सेलटॉस का औपचारिक रूप से अनावरण किया गया इस अवसर पर अवंतिका किया के डायरेक्टर आदित्य कुमार गुप्ता,जनरल मैनेजर राहुल सिँह,सीएफओ सुनील शर्मा, कोमल सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी,विशिष्ट अतिथि,ग्राहक एवं ऑटोमोबाइल जगत से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे नई किया सेलटॉस को उसके आकर्षक डिजाइन,उन्नत तकनीक,स्मार्ट कनेक्टिविटी और बेहतर सुरक्षा फीचर्स के लिए विशेष रूप से सराहा गया लॉन्च कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि किया नई सेलटॉस अपने प्रीमियम लुक,आधुनिक फीचर्स और दमदार परफॉर्मेंस के साथ मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट में ग्राहकों की पहली पसंद बनने की पूरी क्षमता रखती हैं कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों में नई सेलटॉस को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला अवंतिका यूनिटी मोटर्स एलएलपी ने इस सफल आयोजन में शामिल सभी अतिथियों,ग्राहकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया

# गैंगस्टर अपराधियों की संपत्ति हुई कर्क

बुलंदशहर। थाना ककोड पुलिस द्वारा 02 शातिर गैंगस्टर अपराधियों द्वारा अपराध कारित करके सृजित किये गये आवासीय प्लाट एवं स्कूटी, रॉयल इन्फील्ड मोटरसाइकिल को कुर्क किया गया। बुलंदशहर जिलाधिकारी बुलन्दशहर के आदेश के अनुपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में दिनांक 16.01.2026 को थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर में पंजीकृत मुअसं- 356/25 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि0 में अभि0 इरशाद उर्फ भोलू पुत्र सब्बीर निवासी मौ0 गद्दीवाडा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर.दानिश पुत्र रहीस निवासी मौ0 गद्दीवाडा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलंदशहर की कुर्की मा0 न्यायालय जिलाधिकारी बुलंदशहर के आदेश के अनुपालन में नायब तहसीलदार सिकन्द्राबाद हेमन्त सिंह एवं थाना ककोड पुलिस द्वारा गैंगस्टर अधि0 की धारा 14(1) के अन्तर्गत अभि0 इरशाद उर्फ भोलू उपरोक्त के आवासीय प्लाट 113.71 वर्ग मीटर व एक स्कूटी टीवीएस जिनकी कीमत लगभग 68 लाख 90 हजार पाच सौ रुपये है।

# बुलंदशहर में निजी हॉस्पिटलों पर प्रदूषण विभाग का छापा।

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर:** प्रदूषण विभाग के छापे से निजी अस्पताल के संचालकों में मचा हड़कंप सभी निजी हॉस्पिटलो में अनेको पाई गयी खामिया बुलंदशहर सीएमओ की अगवाई में टीम गठित कर जनपद के मेरठ लाइफ लाइन हॉस्पिटल, मुगदल और संस्कार हॉस्पिटल में की गयी छापे मार कार्यवाही जिला स्तरीय जैव चिकित्सा अपशिष्ट अनुश्रवण समिति का निरीक्षण,समिति द्वारा जनपद की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा संस्थानों की जांच की गई। औचक निरीक्षण में बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन नियमों के अनुपालन परखा गया। कई मेडिकल संस्थानों में नियमों की अनदेखी पर नोटिस जारी कर मांगा गया स्पष्टीकरण। कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी एवं ईओ नगर पालिका अंकित मिश्रा प्रदूषण विभाग बुलंदशहर जिलाध्यक्ष आई एम ए और सीबीएमडब्लूटी के प्रतिनिधि भी रहे मौजूद। निरीक्षण रिपोर्ट जिला पर्यावरण समिति की बैठक में प्रस्तुत की जाएगी। बुलंदशहर डीएम श्रुति के निर्देश पर 5 सदस्यीय टीम द्वारा किया गया औचक निरीक्षण।

# अच्छे रचनाकार को अपने आँख व कान खुले रखने चाहिए तभी वह यथार्थवादी रचनाएं लिख पायेगा - कवि प्रो० विकास शमा

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी:-** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अंगेजी विभाग के तत्वावधान में 'मीट द आथर' कार्यक्रम में प्रख्यात उपन्यासकार व कवि प्रो० विकास शर्मा ने कहा कि अच्छे रचनाकार को अपने आँख व कान खुले रखने चाहिए तभी वह यथार्थवादी रचनाएं लिख पायेगा लेखक को विसंगतियों को अपनी लेखनी का विषय बनाना होगा प्रो० विकास ने स्नातकोत्तर छात्रों / शोधार्थियों से रुबरु होते हुए कहा कि वह लिखते समय कल्पना का सहारा कम लेते हैं बल्कि अपने आस-पास की घटनाओं को उपन्यासों का विषय बनातें है प्रो० विकास ने अपने नये उपन्यास 'ऑल हर फायर्स' का जिक करते हुए कहा कि यह उपन्यास जेन जी की जीवन शैली,राष्ट्रीय शिक्षानीति,कृत्रिम बुध्दि 'उच्च शिक्षा में अनियमितताएं व चाइल्ड एब्यूस जैसे गंभीर मुद्दे पर आधारित हैं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो० निशा सिंह ने कहा कि प्रो० विकास के उपन्यास समाज का आइना दिखाते है इस अवसर पर डॉ० किरन सिंह,डॉ० रीना चटर्जी,डॉ० आरती विश्वकर्मा,प्रो० नीरज कुमार,प्रो० पी०के० सिंह ने भी विचार व्यक्त किऐ प्रश्न पूछे व उनकी रचनाओं के विषय में जानकारी दी संचालन डॉ० आराधना सिंह ने किया

# आरकेजी आई टी एवं सी-डैक दिल्ली के मध्य शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग हेतु एमओयू संपन्न

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ट)।** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं अनुसंधान को नई दिशा देने के उद्देश्य से राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद तथा सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग, दिल्ली के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच दीर्घकालिक शैक्षणिक, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान सहयोग को सुदृढ़ करेगा। इस एमओयू के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा, हाई परफॉर्मेंस कम्प्यूटिंग, क्लाउड कम्प्यूटिंग, एम्बेडेड सिस्टम्स एवं अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम, सर्टिफिकेशन कोर्स, कार्यशालाएँ, सेमिनार, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम तथा छात्र इंटर्नशिप आयोजित की जाएँगी। इसके साथ ही संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, नवाचार गतिविधियों तथा तकनीकी परामर्श को भी बढ़ावा दिया जाएगा। एमओयू हस्ताक्षर समारोह के दौरान संस्थान के निदेशक डॉ बी सी शर्मा ने कहा कि यह सहयोग छात्रों को उद्योग-उन्मुख, व्यावहारिक एवं समसामयिक तकनीकी ज्ञान प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सी-डैक जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्था के साथ यह समझौता संस्थान की अकादमिक गुणवत्ता एवं अनुसंधान संस्कृति को और अधिक सशक्त करेगा।सी-डैक दिल्ली के प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि यह साझेदारी अकादमिक संस्थानों और राष्ट्रीय अनुसंधान संगठनों के बीच सेतु का कार्य करेगी, जिससे कुशल मानव संसाधन का विकास होगा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस योगदान मिलेगा। यह एमओयू राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रों एवं संकाय सदस्यों के लिए उन्नत तकनीकी अवसरों के नए द्वार खोलेगा और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। इस एम-ओ यू पर हस्ताक्षर जीतेन्द्र सिंह, (साइंटिस्ट ह्यऋह्ल & सेंटर हेड, सी-डैक, दिल्ली), श्री अरविन्द कुमार, (सीनियर एडवाइजर, सी-डैक), अपूर्व कोहली (साइंटिस्ट ह्यएह्ल, ग्रुप हेड, ए सी टी एस), मिस ऋचा चौधरी (फैकल्टी & कोर्स काउंसलर, ए सी टी एस), डॉ शोएब अली (सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर, ए सी टी एस) तथा संस्थान के ग्रुप एडवाइजर प्रो लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी के चौहान, निदेशक डॉ बी सी शर्मा, डीन एक्रेडिटेशन डॉ. रामेन्द्र सिंह, डीन एकेडमिक्स डॉ. आर.के. यादव एवं डॉ प्रीती शर्मा (एच ओ डी, सी एस ई - डेटा साइंस) की उपस्थिति में किया गया।

# संस्कृति विभाग द्वारा संस्कृति उत्सव का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** विधानसभा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित संस्कृति उत्सव 2025झ26 कार्यक्रम में डॉ. के. एन. मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज, मोदीनगर में उपस्थित रही। यह भव्य आयोजन उत्तर प्रदेश के कोने-कोने में छिपी हुई संगीत, गायन, वादन एवं नृत्य की प्रतिभाओं की खोज, उन्हें उपयुक्त मंच प्रदान करने तथा प्रदेश की समृद्ध लोक-संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित किया गया। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा हमारी संस्कृति झ हमारी पहचान की भावना को साकार करता यह उत्सव न केवल युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त करता है। इस प्रकार के आयोजनों से लोक कला, लोक संगीत और पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों को नई ऊर्जा और पहचान मिलती है। इस अवसर पर उपस्थित ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, रजत कुमार तहसीलदार, प्रधानाचार्य सतीश चंद्र, अमित कुमार, आदि उपस्थिति रहें।

# विद्यार्थी जीवन सबसे मूल्यवान, महत्व को समझना होगा :- बोहरा




वेलकम इंडिया

**बाड़मेर राजस्थान।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांसियों का तला में शुक्रवार को जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से मेहता बुक डिपो बाड़मेर के सौजन्य से स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में 100 से अधिक विद्यार्थियों को शूज, जुराब एवं ऊनी जैकेट वितरित किये गये। कार्यक्रम में स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की प्रेरणा व प्रयासों से सांसियों का तला विद्यालय में समय-समय पर सेवा एवं विद्यार्थी कल्याण से जुड़े कार्य सम्पन्न होते रहते है। जिसमें शुक्रवार को मेहता बुक डिपो, बाड़मेर भामाशाह मदनलाल मेहता की ओर से 100 से अधिक विद्यार्थियों को शूज, जुराब एवं ऊनी जैकेट वितरित किये गये। जो अपने आप में सहरानीय व परापेकार का कार्य है। अमन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह विद्यार्थी जीवन बहुत ही मूल्यवान है, इस दौर के महत्व को हम सबको समझना चाहिये और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहतर प्रयास करने की जरूरत है।

# धौलाना पुलिस ने पंचायत चुनाव से पहले ही पुलिस ने शातिर तस्करों से अवैध हथियारों का जखीरा किया बरामद




वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद की धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान की पुलिस टीम ने अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले एक शातिर गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन अभियुक्तों को देहरा झाल के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान दीपक निवासी अलीगढ़, चिराग उर्फ चिंटू और नमन निवासी पिलखुवा, हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए हैं, जिनमें चार अवैध पिस्टल बत्तीस बोर, छः अवैध तमंचे 315, पन्द्रह जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल फोन और तस्करी में प्रयुक्त एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल शामिल है।

# कांग्रेस सांसद तारिक अनवर का मनाया गया जन्मदिन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कौमी तंजीम के जिलाध्यक्ष मुहम्मद परवेज अख्तर के नेतृत्व में लाइफ लाइन हॉस्पिटल एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर सेमरियावा में

आल इंडिया कौमी तंजीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार के कटिहार से सांसद तारिक अनवर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मुहम्मद परवेज अख्तर ने कहा कि श्री तारिक अनवर तरिक अनवर एक भारतीय राजनेता एवं सोलहवीं लोकसभा में वे बिहार राज्य की कटिहार लोकसभा सीट से सांसद रहे हैं। वे वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य हैं। भारत सरकार की संसदीय स्थायी समिति (रेलवे) के सदस्य हैं। आल इंडिया कौमी तंजीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि 1986 में हमारे अध्यक्ष तारिक अनवर के नेतृत्व में 'नफरत छोडो-भारत जोड़ो' अभियान की शुरूआत हुई, जिस की आज सबसे ज्यादा जरूरत है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 88 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड मुरादनगर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 88 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। योजनान्तर्गत 25,000/- की उपहार सामग्री (वर-वधु के कपडे, चाँदी की बिछिया व पायल, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कूकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घड़ी इत्यादि) विवाहित जोड़े को दिया जाता है। उक्त के अतिरिक्त कन्या के बैंक खाते में रू0 60,000/- की धनराशि भुगतान किये जाने का प्राविधान है। आज दिनांक 16.01.2026 को सम्पन्न हुये सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 24, अन्य पिछडा वर्ग के 24, सामान्य वर्ग के 25 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 15 जोड़े कार्यकम में शामिल हुये। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित 73 हिन्दू जोड़ों का हिन्दू रीति रिवाज से फेरे एवं जयमाल तथा मुस्लिम वर्ग के 15 जोड़ों का निकाह सम्पन्न कराया गया।कार्यक्रम में विधायक मुरादनगर अजीत पाल त्यागी, प्रमुख क्षेत्र पंचायत मुरादनगर राजीव त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद अभिनव गोपाल द्वारा उपस्थित रहकर विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण / खण्ड विकास अधिकारी, मुरादनगर प्रदीप कुमार पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, गाजियाबाद संदीप चौधरी एवं एवं समाज कल्याण विभाग तथा विकास खण्ड, मुरादनगर कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा।

# इनर व्हील क्लब ने सैनेट्री नैपकिन और चादर का वितरण किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** इनर व्हील क्लब मोदीनगर स्मार्ट ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरकारी हॉस्पिटल गोविंदपुरी में बच्चों को डायपर एवं महिलाओं को सैनेट्री नैपकिन और चादर का वितरण किया। महिलाओं को इस सबके लिए विस्तार से समझाया। इस प्रोजेक्ट में प्रेसिडेंट नीता माहेश्वरी, चार्टर प्रेसिडेंट रेनू मित्तल, सेक्रेटरी रेनू गुप्ता एवं अनुपम माहेश्वरी ने भाग लिया।कड़कती ठंड में इनर व्हील क्लब की प्रेसिडेंट नीता माहेश्वरी द्वारा राहगीरों को चाय एवं बिस्किट का वितरण किया गया गरम चाय ने लोगों को सर्दी में राहत दी।

# सशक्त महिला सशक्त समाज-विकास अग्रवाल

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद के गांवों में डाबर के द्वारा वित्त पोषित स्वयं सेवी संस्था संदेश ने गाँव ऊँचा अमीरपुर, रसूलपुर, इकलेंडी, मुकीमपुर, परतापुर, बासतपुर व सपनावत में नारी शक्ति कटाई सिलाई व ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्रों पर छः माह के प्रशिक्षण के पश्चात प्रमाणपत्र दिये गए कटाई सिलाई व ब्यूटीशियन प्रशिक्षण के प्रमाणपत्र वितरण अवसर पर संदेश की सचिव डॉ0 पूनम सिंह परिहार ने कहा कि संदेश संस्था का उद्देश्य महिलाओं व नवयुवतियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़े ताकि वह परिवार की आर्थिक विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सके। महिला सशक्तिकरण के लिए अच्छी पढ़ाई के साथ साथ उसमे हुनर विकास होना भी आवश्यक हैं। क्योंकि परिवार चलाने के लिए आर्थिक साधनों की आवश्यकता पड़ती हैं और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए हुनरमंद होना जरूरी है। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं का घर से बाहर रोजगार के लिए जाना बहुत कठिन कार्य है। क्योंकि संसाधनों की कमी व समाज के बंधन उसे बाहर ना जाने के लिए मजबूर कर देता है। इन सभी समस्याओं व विसंगतियों को ध्यान में रखते हुए संदेश संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें घर पर ही स्वरोजगार करने के लिए तैयार करने का काम करती है। संस्था द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ब्यूटीशियन प्रशिक्षण के साथ साथ कटाई सिलाई प्रशिक्षण, कम्प्यूटर प्रशिक्षण के अलावा भी अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करती है जिससे महिलाओं में हुनर का विकास कर आत्मनिर्भर बनाया जा सके। नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स लिमिटेड के वित्तीय अधिकारी विकास अग्रवाल ने कहा कि यदि महिलाओं को स्वरोजगार से जोडकर मजबूत किया जाये तो वह एक साथ दो परिवारों को मजबूत करती है। क्योंकि सशक्त महिला से ही सशक्त समाज बनता है।संदेश के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना ने बताया कि संदेश संस्था द्वारा कटाई सिलाई व ब्यूटीशियन प्रशिक्षण के माध्यम से लगभग छः हजार महिलाओं व नवयुवतियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। तथा इनमें से ज्यादातर अपना स्वरोजगार कर आर्थिक रूप से मजबूत हो चुकी हैं। संस्था के द्वारा जनपद हापुड़, गाजियाबाद व गौतमबुद्ध नगर के 50 से अधिक गॉव में स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वच्छता व हुनर विकास के बहुत से कार्य किये गये है।

# वेतन नही मिलने से अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कर्मी परेशान

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर,** अल्मोडा मैग्नेसाइट कम्पनी में कर्मचारियों की लंबी समय से चली आ रही वेतन और बोनस के भुगतान को लेकर पूर्व में आंदोलन के बाद जिलाधिकारी के अथक प्रयासों से अवशेष भुगतान मिलने के आदेश के बाद भी प्रबंधन द्वारा अब तक कर्मियों को उनके अवशेष देयकों का भुगतान नही किए जाने, और15जनवरी तक लंबित देयकों का भुगतान देने के आदेश के बाद भी अब तक अवशेष देयकों का भुगतान नही होने पर नाराजगी जताई।साथ ही अपने बकाया देयकों का भुगतान दिलाने हेतु जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।फैक्ट्री कर्मियों ने जिलाधिकारी द्वारा उनके हित मे आवश्यक करते हुए उन्हें लंबित भुकतान दिलाने के आदेश के बाद भी फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा अब तक भुगतान नही होने पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र अवशेष भुगतान किए जाने की मांग की। फैक्ट्री कर्मियों ने जिला कार्यालय में वार्ता के दोरान महा निदेशक द्वारा लिखित रूप से निर्देश औ? 15 जनवरी तक वेतन और एलटीसी. का भुगतान और उद्योग को डेड माह तक खोलने के आदेश के बाद अभी तक कर्मचारियो को वेतन व एलटीसी का वेतन नही मिलने, एमडी की लापरवाही से कर्मचारियों व उद्योग में अशांति का माहौल पैदा होने की बात कहते हुए जल्द अवशेष देयकों का भुगतान कराए जाने की मांग की। उन्होंने संघर्ष की लड़ाई में कर्मचारियों को सहयोग देने और प्रबंधन द्वारा अब तक लिखित आश्वासन के बाद ठगी करने पर पुनः जिलाधिकारी से कर्मियों के हित मे निर्णय लेने की अपील की।

# कमलेश तिवारी के जन्म दिवस पर प्रणामांजलि कार्यक्रम का आयोजन


वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** हिंदू समाज पार्टी द्वारा अमर बलिदानी कमलेश तिवारी के जन्मदिवस के अवसर पर सादर प्रणामांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज सेवा के अंतर्गत गरीब बच्चों को वस्त्र वितरण किया गया तथा कार्यक्रम के उपरांत अल्पाहार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अमर बलिदानी कमलेश तिवारी के त्याग, संघर्ष और राष्ट्र धर्म के प्रति उनके अदम्य साहस को स्मरण करते हुए समाज में सेवा और संस्कार की भावना को प्रबल करना रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेजपाल पोसवाल (श्रमिक नेता व पूर्व सभासद) रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलदीप सैनी (श्रमिक नेता व समाजसेवी), वरिष्ठ समाजसेवी पंडित राजवीर शर्मा महाराज, तथा हिंदूवादी नेता सोनू शर्मा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में हिंदुत्व के क्रांतिकारी योद्धा एवं हिंदू समाज पार्टी के पदाधिकारीगण ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संयोजन अनिल जैन, हिंदू समाज पार्टी द्वारा किया गया। उन्होंने सभी आगंतुकों, कार्यकताओं एवं समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं और बलिदानियों की स्मृति को जीवंत बनाए रखते हैं।

# बाएं कंधे और बाईं भुजा का हर दर्द हृदयाघात ( हार्ट अटैक ) का लक्षण नहीं होता

डॉ. श्रीधर द्विवेदी



आजकल हृदयाघात ( हार्ट अटैक ) इतना आम हो गया है की हर आदमी उसके दर से आतंकित और शंकालु हो गया है ।हार्ट अटैक का प्रमुख लक्षण सीने में दर्द या जलन की शिकायत ,सांस लेने में तकलीफ अतवा घुटन का अनुभव , अजीब सी बैचेनी और माथे पर पसीने की बूंदों का झलकना है । दिल सीने के बाईं ओर होता है इसलिए यह दर्द सीने के बाईं ओर या बाईं तरफ गर्दन की ओर जाता हुआ, बाएं कंधे या बाईं भुजा की ओर भी महसूस हो सकता है । अत्यंत अस्वाभाविक रूप से हार्ट अटैक का दर्द बाएं जबड़े या बाएं कान अथवा बाईं पीठ में भी हो सकता है ।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है की इंन सभी परिस्थितियों में मरीज को बेचैनी ,घबडाहट ,सांस लेने में तकलीफ या मस्तक पर पसीने की शिकायत भी होती है । कुशल चिकित्सक मरीज की शिकायत सुनने के साथ साथ उसके हाव -भाव , चेहरे पर चिंता की रेखाएं , मत्थे पर पसीने की बूंदें ,सांस की रफ्तार , हृदय की गति , और ब्लड प्रेशर पर ध्यान देता है । मरीज का परीक्षण करता है ।

# जन-सुनवाई में डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी की संवेदनशील और प्रभावी कार्यशैली

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पुलिस व्यवस्था को आमजन के और अधिक निकट लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने शुक्रवार को सहायक पुलिस आयुक्त, अंकुर विहार कार्यालय पर आयोजित जन-सुनवाई के दौरान शिकायत लेकर आए नागरिकों से सीधे संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने एक-एक कर फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। उनकी यह कार्यशैली न केवल प्रशासनिक सक्रियता को दशार्ती है, बल्कि आम जनता में पुलिस के प्रति भरोसा भी मजबूत करती है।

जन-सुनवाई के दौरान श्री तिवारी ने स्पष्ट किया कि पुलिस का दायित्व केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना भी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी शिकायत को औपचारिकता तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसकी जमीनी हकीकत को समझते हुए निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। समस्याओं के समाधान में देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी-यह संदेश उन्होंने सख्त लेकिन संवेदनशील शब्दों में दिया। डीसीपी ग्रामीण की कार्यशैली की खास बात यह रही कि उन्होंने प्रत्येक शिकायतकर्ता को धैर्यपूर्वक सुना और कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इससे फरियादियों को तत्काल राहत का भरोसा मिला।

उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को बार-बार थाने या कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी स्वयं प्रगति की निगरानी करें। श्री सुरेन्द्र नाथ तिवारी लंबे समय से अपनी अनुशासित, पारदर्शी और जनोन्मुखी कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के साथ-साथ वे संवाद को प्राथमिकता देते हैं। उनकी मान्यता है कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का पुल जितना मजबूत होगा, अपराध नियंत्रण उतना ही प्रभावी होगा।

इसी सोच के तहत वे नियमित रूप से जन-सुनवाई, क्षेत्रीय भ्रमण और अधीनस्थ अधिकारियों की समीक्षा बैठकें करते रहते हैं। जन-सुनवाई के दौरान मौजूद अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण की रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा में प्रस्तुत की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जवाबदेही तय की जाएगी। साथ ही उन्होंने संवेदनशील मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाने और पीड़ित की गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। स्थानीय नागरिकों ने डीसीपी ग्रामीण की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिकारी का स्वयं बैठकर समस्याएं सुनना विश्वास पैदा करता है। लोगों का मानना है कि ऐसी सक्रिय और जवाबदेह पुलिसिंग से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। कुल मिलाकर, सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय अंकुर विहार में आयोजित यह जन-सुनवाई डीसीपी ग्रामीण श्री सुरेन्द्र नाथ तिवारी की प्रभावी नेतृत्व क्षमता, संवेदनशील प्रशासन और परिणामोन्मुख कार्यशैली का सशक्त उदाहरण बनी। यह पहल निस्संदेह पुलिस-जन संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बीकानेरवाला का एलन एपिक मॉल गुरुग्राम में खुला नया आउटलेट

वेलकम इंडिया



**गुरुग्राम।** बीकानेरवाला, जो अपनी पारंपरिक मिठाइयों और स्नैक्स के लिए मशहूर भारतीय ब्रांड है। इन्होंने आज नया आउटलेट एलन एपिक मॉल गुरुग्राम में खोला, जो कि एक अच्छी खबर है। इसका उद्घघाटन बीकानेर के चेयरमैन श्याम सुंदर अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उनके परिवार के उमेश अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। यह आउटलेट शाकाहारी भोजन और मिठाइयों के शौकीनों के लिए बेहद अच्छी जगह है। जहां आपको उनकी मशहूर मिठाइयां (जैसे काजू कतली, मूंग दाल हलवा) और नमकीन (जैसे बीकानेरी भुजिया) के साथ-साथ चाट और फास्ट फूड भी मिलेगा। जो उन्हें दिल्ली-एनसीआर के लोकप्रिय स्थानों में से एक बनाता है। एलन एपिक मॉल (संभवतः दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में है। यहां पर शुद्ध शाकाहारी व्यंजन, मिठाइयां नमकीन, और बिकनो चाट कैफे के फास्ट-फूड आदि कई तरह की मिठाइयां मिलेंगी। यहां पर लोगों की बैठने की जगह और खाने की चीजें पैक कराकर ले जाने की सुविधा के साथ और संभवतः होम डिलीवरी भी उपलब्ध है। यह नया आउटलेट बीकानेरवाला के बढ़ते नेटवर्क का हिस्सा है, जो भारत और दुनिया भर में अपनी पहचान बना चुका है। पहले दिन ही उद्घाघन के अवसर पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। इनके यहां बनें व्यंजनों को स्वाद हर किसी को अपनी ओर खींच लाता है।

# उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान के लिए हर महीने उपभोक्ता सेवा शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया



गाजियाबाद बिजली विभाग द्वारा लगभग पिछले 8 महीने से हर महीने उपभोक्ता सेवा शिविर का आयोजन किया जाता है। जिस शिविर में लंबे समय से चल रही समस्याओं का समाधान किया जाता है। यह शिविर हर डिवीजन ऑफिस पर और एक मुख्य कैंप का आयोजन भी किया जाता है। इसके अलावा बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल राहत योजना एक दिसंबर से शुरू की गई थी। जिसका अब दूसरा चरण चल रहा है। गाजियाबाद के चीफ इंजीनियर पवन अग्रवाल ने बताया कि यह 28 फरवरी तक चलेगी। इस योजना में 1 किलोवाट और 2 किलोवाट वाले उपभोक्ता को उनके बकाया बिल के ब्याज पर 100% की छूट और बिल पर 25 परसेंट तक की छूट दी गई थी। अब दूसरे चरण में यह छूट 20 परसेंट चल रही है। बिजली चोरी के मामले में जिन पर पर मुकदमा दर्ज है वह उपभोक्ता भी बिजली बिल राहत योजना का लाभ उठा सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता भी ब्याज और बिल में छूट प्राप्त कर अपना मुकदमा खत्म करा सकते हैं। वर्टिकल प्रक्रिया लागू होने के बाद गाजियाबाद के उपभोक्ता बिजली बिल भुगतान व छूट पाने के लिए डिवीजन ऑफिस कविनगर में संपर्क कर सकते हैं।

# अवैध कब्जों पर सख्ती, जनता को चेतावनी और दिव्यांगजन कल्याण पर फोकस

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनसमस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान की दिशा में कलेक्ट्रेट कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने सख्त और संवेदनशील प्रशासन की स्पष्ट झलक दिखाई।


जनसुनवाई में लगातार बढ़ रही शिकायतों की संख्या यह दशार्ती है कि आमजन को प्रशासन पर भरोसा है। जिलाधिकारी ने एक-एक प्रार्थी की बात गंभीरता से सुनी, समस्याओं को समझा और सभी को आश्वस्त किया कि प्रत्येक शिकायत का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। जनता दर्शन के दौरान नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत, स्वास्थ्य और राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों से जुड़े प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से अधिकांश शिकायतें भूमि, मकान और फ्लैट से जुड़े मामलों की रहीं। शिकायतकताओं ने अवैध कब्जे, निर्माण में बाधा, फ्लैट बुक कराने के बाद कब्जा न मिलने और भूमि पर अन्य व्यक्ति द्वारा अधिकार जताने जैसी गंभीर समस्याएं सामने रखीं। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आमजन की भूमि या सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनता को सचेत करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की भूमि, मकान या फ्लैट के क्रय-विक्रय से पूर्व संपत्ति और उससे जुड़े दस्तावेजों की पूरी जांच-पड़ताल अत्यंत आवश्यक है। तहसील स्तर की कागजी कार्यवाही, स्वामित्व और वैधानिक स्थिति की पुष्टि किए बिना कोई भी लेन-देन न किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार के धोखे या विवाद से बचा जा सके।

# अधर में हाउस टैक्स पर हाईकोर्ट का फैसला, नगर निगम को हो रही भारी राजस्व हानि

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर में हाउस टैक्स व्यवस्था को लेकर चल रहा असमंजस अब लगातार सात महीने से बना हुआ है। सिविल मिसलेनियस रिट पिटिशन (जनहित याचिका) संख्या 1427/2025 के अंतर्गत हाउस टैक्स से संबंधित मामला उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन है, जिस पर अंतिम निर्णय का इंतजार न केवल नगर निगम बल्कि पूरे शहर को है। निर्णय में हो रही देरी के कारण नगर निगम के राजस्व पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और कर वसूली की प्रक्रिया ठप पड़ी हुई है। इस प्रकरण में गाजियाबाद नगर निगम की ओर से लगातार न्यायालय में पैरवी की जा रही है। नगर निगम के पैनल अधिवक्ता और शासन की ओर से अपर महाधिवक्ता प्रत्येक निर्धारित तिथि पर न्यायालय में उपस्थित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, याचिकाकर्ता पक्ष के अधिवक्ताओं की बार-बार अनुपस्थिति के कारण अंतिम सुनवाई नहीं हो पा रही है, जिससे निर्णय लगातार टलता जा रहा है। प्रभारी राजस्व एवं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सुनील कुमार राय ने बताया कि पिछले सात महीनों से यह मामला उच्च न्यायालय में लंबित है। जब भी अंतिम सुनवाई के लिए तिथि निर्धारित होती है, उसी समय याचिकाकर्ता पक्ष के वकील पुकार लगने पर अनुपस्थित पाए जाते हैं। ऐसी ही स्थिति 16 जनवरी 2026 को भी सामने आई, जब नगर निगम और शासन पक्ष के अधिवक्ता न्यायालय में मौजूद थे, लेकिन याची पक्ष के वकील के उपस्थित न होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि इससे पहले 19 नवंबर 2025 और 26 नवंबर 2025 को भी याचिकाकर्ता पक्ष के वकील न्यायालय में उपस्थित तो हुए, लेकिन जब मामले की पुकार लगी तो वे अनुपस्थित पाए गए। यह तीसरी बार है जब इसी कारण से सुनवाई टल गई।

# पीएम आवास योजना में 246 ईडब्ल्यूएस आवासों का लॉटरी ड्रॉ सम्पन्न



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को पक्के आवास का सपना साकार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित ईडब्ल्यूएस भवनों का लॉटरी ड्रॉ सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। शुक्रवार को हिन्दी भवन, लोहिया नगर में प्रातः 11 बजे से लाट्री ड्रा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आवेदक उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना की योजना संख्या 928-41डी के अंतर्गत निजी विकासकर्ता मैसर्स आराध्यम बिल्डर्स द्वारा राजस्व ग्राम पसौंडा, गाजियाबाद स्थित विभिन्न खसरा संख्याओं पर निर्मित कुल 246 ईडब्ल्यूएस आवासों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया गया। इसके साथ ही इसी योजना के अंतर्गत 23 वेटिंग सूची के आवेदकों के लिए भी लॉटरी ड्रॉ संपन्न कराया गया। लॉटरी प्रक्रिया अपर जिलाधिकारी (नगर) विकास कश्यप, जीडीए अपर सचिव प्रदीप कुमार, वित्त नियंत्रक, परियोजना अधिकारी एवं सीएलटीसी गाजियाबाद की उपस्थिति में आयोजित की गई। आवंटन की पूरी प्रक्रिया आवेदकों के समक्ष पारदर्शिता, निष्पक्षता और नियमानुसार सम्पन्न कराई गई, जिससे किसी प्रकार के संदेह की कोई गुंजाइश न रहे। लॉटरी ड्रॉ के दौरान जैसे-जैसे आवेदकों के नाम घोषित किए गए, सभागार में उत्साह और उम्मीद का माहौल देखने को मिला। वर्षों से अपने पक्के घर का इंतजार कर रहे लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को किफायती दरों पर सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि आवंटन प्रक्रिया के बाद आगे की औपचारिकताएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी कराई जाएंगी, ताकि लाभार्थियों को शीघ्र ही आवास का कब्जा मिल सके।

# मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल से कांग्रेस का हुंकार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाया जा रहा 'मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल' अभियान जिले में पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को डासना देहात क्षेत्र के कल्लूगढ़ तथा राजापुर ब्लॉक के ग्राम जलालाबाद में चौपालों का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों, मजदूरों और कांग्रेस कार्यकताओं ने सहभागिता की। डासना देहात के कल्लूगढ़ में आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर शुरू की गई मनरेगा योजना से बापू का नाम हटाना केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि गांधी के विचारों और देश के गरीब मजदूरों का खुला अपमान है। उन्होंने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि बापू का यह अपमान हिन्दुस्तान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा और सरकार को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। सतीश शर्मा ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार मजदूरों के अधिकारों को खत्म करने के उद्देश्य से मनरेगा जैसे अधिकार आधारित कानून को कमजोर कर रही है और नया मजदूर विरोधी कानून लाकर गरीबों के ह$क पर कुठाराघात कर रही है।

# भीड़भाड़ वाले भवनों पर अग्निशमन विभाग की सख्त नजर, जनसुरक्षा सर्वोपरिः राहुल पाल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अपर पुलिस महानिर्देशक अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय, लखनऊ (उ0प्र0) के निदेर्शों के क्रम में कमिश्नरेट गाजियाबाद क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा को लेकर व्यापक और सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य मॉल, होटल, बैंक्वेट हॉल, मैरिज हॉल, बारात घर एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थलों पर मानकों के अनुरूप अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर जनमानस की सुरक्षा को प्राथमिकता देना रहा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में प्रभारी अधिकारियों की टीम द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित दर्जनों प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। पांडवनगर, गोविंदपुरम, लोनी, खोड़ा, वसुंधरा, कौशांबी, इंदिरापुरम, भोपुरा एवं वजीराबाद रोड सहित अनेक क्षेत्रों में संचालित होटल, गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल एवं फार्म हाउस में स्थापित अग्निशमन प्रणालियों का गहन परीक्षण किया गया। जांच के दौरान अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता, फायर अलार्म सिस्टम, स्प्रिंकलर, हाइड्रेंट, अग्निशमन सिलेंडर, निकास मार्गों की उपलब्धता तथा विद्युत सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई।

# दो दिवसीय कैंप में 300 से अधिक लोगों ने उठाया सरकारी सेवाओं का लाभ

**गाजियाबाद।** जनहित और सामाजिक सेवा की भावना को साकार करते हुए रोज बैल पब्लिक स्कूल, विजयनगर में शुक्रवार को आधार कार्ड कैंप, आयुष्मान भारत कार्ड कैंप तथा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन शुक्रवार और शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर आवश्यक सरकारी और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कैंप का उद्घाटन शहर विधायक संजीव शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सरदार बलप्रीत सिंह, जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता, सौरभ यादव, पंडित अशोक भारतीय, कन्हैयालाल पार्षद, अजय चोपड़ा, विकास त्यागी, सुरेश सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# एम०आई०टी० इंस्टिट्यूट के सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय सत्र में 90 वार्डनो का प्रशिक्षण आयोजित किया

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ० प्र० लखनऊ के निदेर्शानुसार आज दिनांक 16/01/2026 से एम०आई०टी० इंस्टिट्यूट के सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय सत्र में 90 वार्डनो का प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसका शुभारम्भ जिला कमाडेंट अभिलेश सिंह द्वारा दीप प्रज्जलित कर किया गया, साथ में उपनियंत्रक नीरज चक, सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार, डिप्टी चीफ पंकज सक्सेना, प्रभागीय वार्डन सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता एवं मो. खालिद तथा 90 वार्डन उपस्थित रहें इस अवसर पर अभिलेश सिंह ने वार्डनो के मनोबल को बढ़ातें हुए सभी को निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी क्षमता बढ़ाये जाने के लिए प्रेरित किया और उनके द्वारा लगातार किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करी उपनियंत्रक नीरज चक द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन के साथ अग्निशमन, बचाव सेवा एवं एस डी आर एफ मुरादाबाद आदि के बारे में सम्बंधित विभागों के एक्सपर्ट व्याख्यान हेतु आमंत्रित किये गए हैं, जिसके क्रम में आज प्रथम दिवस मेजर डा० मीनू मेहरोत्रा, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर द्वारा ह्रआपदा में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भूमिकाइ पर विस्तृत चर्चा की गई तदोपरांत दूसरे सेशन में प्रो० आनंद कुमार सिंह द्वारा ₹आधुनिक युद्ध और राष्ट्र की क्षमताह्वपर व्याख्यान दिया गया।

सभी अतिथि एवं वक्ताओं का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा द्वारा किया गया इस अवसर पर कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल, डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, वसीम अख्तर, वसीम अंसारी आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।